

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

# मप्र की चार हस्तियों को पद्मश्री... नागर, रैकवार, पंत और व्यास होंगे राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित

भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों की घोषणा हो गई। इसमें 2026 के पुरस्कारों में मप्र की 4 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। इनमें भोपाल के प्रख्यात लेखक व हिंदी सेवी कैलाशचंद्र पंत, सागर के मार्शल आर्ट कलाकार भगवानदास रैकवार मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर और पुरातत्वविद डॉ. नारायण व्यास को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

## 1 मोहन नागर, बैतूल

### बैतूल की सोना घाटी में प्राकृतिक जल चक्र को पुनर्जीवित कर दिया



**नागर ने प्रारंभ किया 'गंगा अवतरण अभियान'**

जमीनी स्तर पर कार्यरत पर्यावरण कार्यकर्ता मोहन नागर ने जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और समग्र पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में उनके दशकों लंबे योगदान ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को मजबूती दी है, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने में भी अहम भूमिका निभाई है।

## 2 कैलाशचंद्र पंत, भोपाल

### भाषा और साहित्य समाज को कैसे एकजुट करता है, उन्होंने यह बताया



**वे राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के राष्ट्रीय संयोजक**

शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में कैलाश चंद्र पंत (90) को इस सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री मिलने पर उन्हें गर्व है। उनके परिवार में खुशियों का माहौल है। उनका पूरा जीवन शिक्षा और साहित्य के लिए समर्पित है। वे हिंदी साहित्यकार, पत्रकार और प्रमुख हिंदी सेवी हैं।

## 3 भगवानदास रैकवार, सागर

### युवाओं को पारंपरिक युद्ध कला सिखाई विलुप्तप्राय: लोक कलाएं जीवित कीं



**बुंदेली युद्ध कला के संरक्षण, प्रशिक्षण और प्रचार के लिए मिला सम्मान**

पद्म श्री 2026 की सूची में सागर के रहने वाले भगवानदास रैकवार का भी नाम शामिल है, जिन्हें बुंदेली युद्ध कला के संरक्षण, प्रशिक्षण और प्रचार के लिए सम्मानित किया गया है। रैकवार का कहना है उन्होंने क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को लाठी, भाला, तलवार, ढाल, त्रिशूल, फरसा और कबड्डी जैसी पारंपरिक युद्ध तकनीकों से लैस कर दिया है, जिससे वे न केवल आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकेंगे बल्कि इस प्राचीन कला को और आगे बढ़ाकर आने वाली पीढ़ी को भी सुरक्षित रखने का काम करेंगे।

## 4 डॉ. नारायण व्यास, भोपाल

### प्रागैतिहासिक औजारों और शैलचित्रों की दुनिया खोजी



**मध्य प्रदेश के पुरातत्व क्षेत्र में 'ग्रैंड ओल्ड मैन'**

प्रमुख पुरातत्वविद् डॉ. नारायण व्यास को पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों भीमबेटका, सांची स्तूपों और रानी की वाव के संरक्षण में उनके असाधारण योगदान को मान्यता दी गई है। डॉ. व्यास ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में सीनियर आर्कियोलॉजिस्ट के रूप में 2009 तक सेवा की और रॉक आर्ट, प्रागैतिहासिक साइट्स के अध्ययन में विशेषज्ञता हासिल की।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

## अवकाश

*इस अवसर पर 26 जनवरी सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी बुधवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में बम ब्लास्ट की सूचना से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रामनगरी की सुरक्षा बढ़ा दी है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है।

## पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं का ऐलान

*राष्ट्रपति ने 131 पद्म पुरस्कार देने की मंजूरी दी, इसमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार*

# इन 'नायकों' ने बढ़ाया राष्ट्र का 'मान'

*इस साल देश ने उन असाधारण नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है जो चुपचाप समाज की सेवा में लगे रहे। ये वो गुमनाम हीरो हैं जिन्होंने साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, कला, समाजसेवा और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में अपना जीवन समर्पित कर दिया*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा जारी सूची में कुल 45 ऐसे नायकों के नाम शामिल हैं, जिन्हें पद्म श्री से नवाजा जा रहा है। इनमें पूर्व बस कंडक्टर से लेकर लोक कलाकार, चिकित्सक, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल हैं। ये पुरस्कार गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिए जाते हैं। इनमें साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा, कला और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों से जुड़े कई नाम शामिल हैं। इनमें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए अंके गौड़ा के अलावा बृज लाल भट्ट, बुधरी ताती, भगवानदास रायकवार, धर्मिक लाल चुन्नी लाल पांड्या, डॉ श्याम सुंदर, चरण हेम्ब्रम और के पजनिवेल जैसे नाम शामिल हैं।



### धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, पूर्व सीएम शिबू सोरेन को पद्म भूषण सम्मान

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) को कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन (मरणोपरांत) को सार्वजनिक संबंध के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर को खेल के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा।

### इन 13 हस्तियों को पद्म भूषण सम्मान

अलका याग्निक कला (महाराष्ट्र), भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड), डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु), मम्मूटी- कला (केरल) डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका), पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र), एसकेएम माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु), शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक), शिबू (मरणोपरांत)- लोक कार्य (झारखंड), उदय कोटक- व्यापार एवं उद्योग (महाराष्ट्र), वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)- लोक कार्य (दिल्ली) आदि शामिल हैं।

## गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित, 17 अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक मिलेगा

कुल 21 पदक मध्य प्रदेश के खाते में आए

# इंदौर पुलिस कमिश्नर सहित 4 पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने पुलिस, फायर, होमगार्ड व अन्य सेवाओं के लिए पदकों की घोषणा कर दी है। इसमें मध्य प्रदेश के लिए यह उपलब्धि खास रही है। इंदौर को ट्रैफिक से मुक्त अधिकांश जगहों पर बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को अवार्ड दिया जाएगा। भोपाल में कानून व्यवस्था पर बेहतर पकड़ बनाने और साथ ही क्राइम कंट्रोल के मामले में अवधेश गोस्वामी को पुरस्कार दिया जाएगा। नर्मदा पुरम क्षेत्र के आईजी मिथिलेश शुक्ला को इलाके में एक गहन अपराध के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता के लिए सम्मानित किया जाएगा। जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, मध्य प्रदेश पुलिस के 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।



कृष्णावेणी देसावतु



मिथिलेश शुक्ला



संतोष सिंह

### चार अफसरों को राष्ट्रपति पदक

राज्यवार जारी आंकड़ों के मुताबिक 4 अफसरों को राष्ट्रपति पदक दिए जाएंगे। एमपी के चार पुलिस अफसरों को प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विशड सर्विस यानी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। एमपी के 17 पुलिस अफसरों को सराहनीय सेवा पदक यानी मेडल फॉर मेरिटॉरियस सर्विस से सम्मानित किया जाएगा। इस तरह कुल 21 पदक मध्य प्रदेश के खाते में आए हैं, जो राज्य पुलिस के अनुशासन, कार्यक्षमता और निरंतर सेवा के लिए ये सम्मान प्रदान किए जाएंगे।




## खबर संक्षेप

### भागीरथपुरा में 28 वीं मौत, चल रहा था इलाज

**इंदौर।** भागीरथपुरा दूषित पानी कांड से मौतों का सिलसिला रुकने का काम नहीं ले रहा है। इंदौर में एक माह में 28 वीं मौत हो चुकी है। सेवानिवृत शिक्षक राजाराम बौरासी (75) की रविवार सुबह मौत हो गई। बौरासी कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष भी थे। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि डायरिया नहीं वे अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।



### बुजुर्ग को बाइक में बांधकर घसीटा, गंभीर

**रीवा।** जिले में बदमाशों ने एक बुजुर्ग साइकिल सवार को रस्सी से बांधकर घसीटा है। बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बदमाशों ने बाइक पर बुजुर्ग को बांधकर करीब 3 किमी तक घसीटा था। घटना सेमारिया थाना क्षेत्र के पड़रिया इलाके की है। शनिवार दोपहर की घटना है। बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी कुन्नू साकेत को गिरफ्तार कर लिया है।







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# 77वें गणतंत्र दिवस की

## प्रदेशवासियों को अनेक मंगलकामनाएं



"भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज राष्ट्र के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के फलस्वरूप यह सब संभव हो पाया है। आज भारत वैश्विक शक्ति बनकर उभर रहा है।"

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

## मध्यप्रदेश की उन्नति के मुख्य स्तंभ

**अन्नदाता की समृद्धि से प्रगति की ओर मध्यप्रदेश**
वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में घोषित किया गया है, इसका उद्देश्य अन्नदाता को समृद्ध और सशक्त बनाना है।

**युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण**
मध्यप्रदेश के युवा सक्षम और कौशलवान बनकर अपने सपनों को साकार करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**गरीब एवं जनजातीय वर्ग की तरक्की का संकल्प**
गरीब और जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार और समस्त मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

**सशक्त नारी - सशक्त मध्यप्रदेश**
नारी परिवार और समाज का दर्पण होती है। महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके पोषण, स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं रोज़गार तक का ख्याल प्रदेश सरकार रख रही है।

**अतुल्य विरासत से वैभवशाली मध्यप्रदेश**
मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत अद्भुत एवं समृद्ध है। यहां नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ कला और संस्कृति भी बहुआयामी है।

**औद्योगिक विकास का नया अध्याय**
मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास का एक उभरता केंद्र बन चुका है। गांवों को शहरों से जोड़ना हो या नए उद्योग स्थापित करने हों, प्रदेश आज चौतरफा विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।

D-11193/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @JansamparkMP JansamparkMP



जबलपुर

सोमवार, 26 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष-08

वर्ष : 20, अंक : 268

पृष्ठ : 12+8=20 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 26

न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





पीएम मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर देंगे श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

# 77वें गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे 10,000 मेहमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

आमंत्रित अतिथियों में आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के अनुसार राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है।

**इनमें आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और प्रमुख सरकारी पहलों के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल**

**सुबह 10:30 बजे परेड शुरू होगी, लगभग 90 मिनट तक चलेगी**



कर्तव्य पथ

इन विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थान पर बैठाया जाएगा। समारोहों के अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। उन्हें संबंधित मंत्रियों से बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी नई दिल्ली के इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इस खास दिन की शुरुआत करेंगी।

**वंदे मातरम की थीम पर कर्तव्य पथ पर, 1923 में तेजेंद्र कुमार मित्रा की ओर से बनाई गई चित्रों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा**

वंदे मातरम की थीम पर कर्तव्य पथ पर, 1923 में तेजेंद्र कुमार मित्रा की ओर से बनाई गई चित्रों की एक श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ का जश्न मनाएगा। जो गीत की पंक्तियों को दर्शाते हुए राष्ट्रवाद के अतीत और

### परेड में निकलेंगी 30 झांकियां

कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान कुल 30 झांकियां निकलेंगी। इसमें से 17 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों की और 13 मंत्रालयों या विभागों या सेवाओं की होंगी। यह भारत की विविधता, प्रगति और विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कर्तव्य पथ पर लगभग 2,500 सांस्कृतिक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रदर्शन का विषय 'स्वतंत्रता का मंत्र- वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र- आत्मनिर्भर भारत' होगा। परेड के अंत में 'वंदे मातरम' लिखे बैनर का अनावरण किया जाएगा और साथ ही रबर के गुब्बारे भी छोड़े जाएंगे। हवाई करतब परेड में प्रमुख आकर्षण होंगे। लड़ाकू और सहायक विमानों की फ्लाईपास्ट के जरिए भारतीय वायु सेना की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। सशस्त्र बलों के कुल 29 विमान शामिल होंगे। परेड में पशु दल और औपचारिक इकाइयां भी शामिल होंगी।

---

कलेक्टर ने घायलों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए

# निर्माणाधीन पुल के पिलर की शंटिंग गिरी, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि जबलपुर।

ललपुर के पास एनएचआई द्वारा निर्माणाधीन पुल के पिलर की शंटिंग गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं और हालात पर नजर रखी जा रही है। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा के अनुसार दोनों घायलों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर है, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। एक्स-रे समेत अन्य आवश्यक जांच की जा रही हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने घायलों के इलाज की पल-पल की जानकारी लेते हुए बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। घायलों में पीटी राहिल रासन (उम्र 23 वर्ष) शामिल है, जिसे सीधे हाथ और सीधे पैर में फ्रैक्चर तथा कोहनी में गंभीर चोट आई है। दूसरा घायल राजेश्वर (उम्र लगभग 20 वर्ष) बताया जा रहा है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



### सतना में एंबुलेंस ने ही ले ली 'जान'

# अस्पताल के बाहर जाम हो गया दरवाजा, हार्ट पेशेंट ने तोड़ा दम

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की भयावह तस्वीर सामने आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना



एंबुलेंस का दरवाजा खोलते लोग

जिला अस्पताल में एक 108 एंबुलेंस की तकनीकी खराबी के कारण एक हृदय रोगी की जान चली गई। सोमवार को रामनगर क्षेत्र से राम प्रसाद नामक मरीज को लेकर एंबुलेंस जिला अस्पताल पहुंची थी, लेकिन अस्पताल के गेट पर ही एंबुलेंस का पिछला दरवाजा जाम हो गया। काफी कोशिशों के बावजूद दरवाजा नहीं खुलने पर मरीज और उसके परिजन अंदर ही फंसे रह गए। एंबुलेंस चालक ने खिड़की से घुसकर लॉक तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इस प्रक्रिया में काफी समय बर्बाद हो गया और मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल सका।

### सिंगरौली में बड़ा हादसा

# असुरक्षित मिट्टी खदान धंसने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

मृतकों में दो नाबालिग बच्चियां भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगरौली



मिट्टी हटाते लोग

जिले के ग्रामीण इलाके में दो नाबालिगों सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जियावन थाना क्षेत्र के परसोहर गांव में छुई (पोतने वाली मिट्टी) निकालने के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतकों में दो नाबालिग बच्चियां भी शामिल हैं। रविवार दोपहर करीब 1:20 बजे गांव की कुछ महिलाएं और बच्चियां रोजमर्रा की जरूरत के लिए खुरपी लेकर पास की छुई खदान में मिट्टी निकालने गई थीं। बताया जा रहा है कि यह खदान पहले से ही असुरक्षित स्थिति में थी। जैसे ही वे मिट्टी खोदने में जुटीं, अचानक खदान की दीवार का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा।

# कुत्ते का डर दिखाकर अंदर बुलाया की वारदात

**मुरैना।** जिले के एक गांव में 5 साल की मासूम के साथ रेप का मामला सामने आया है। बच्ची अपने पिता के लिए पड़ोस की दुकान पर गुटखा लेने गई थी वहां दुकान पर बैठे 17 वर्षीय नाबालिग लड़के ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। वारदात के बाद पीड़िता ने घर जाकर माता-पिता को आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। महुआ थाना पुलिस के अनुसार 5 वर्षीय पीड़िता को उसके पिता ने पड़ोस की दुकान से गुटखा लाने के लिए भेजा था। दुकान पर आरोपी 17 वर्षीय किशोर मौजूद था। जब बच्ची ने गुटखा मांगा तो आरोपी ने उसे झूठ बोला कि पीछे कुत्ता खड़ा है, जो काट लेगा।




## चिंतन

# संविधान, संप्रभुता, लोकतांत्रिक शक्ति का उत्सव है गणतंत्र दिवस

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 26 जनवरी वह स्वर्णिम दिन है, जब देश ने औपनिवेशिक अतीत से पूरी तरह बाहर निकलकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। वर्ष 2026 में भारत अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और भव्यता के साथ मना रहा है, जो न केवल संविधान की दीर्घायु का उत्सव है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और निरंतर सुदृढ़ होती संस्थाओं का भी प्रमाण है। यह दिन केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश ने स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। यह संविधान ही भारत की आत्मा है, जिसने विविधताओं से भरे इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधे रखा। गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सत्ता का वास्तविक स्रोत जनता है और शासन संविधान के दायरे में रहकर ही चलाया जाना चाहिए। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह और भी विशेष है क्योंकि भारत न केवल आंतरिक रूप से मजबूत लोकतंत्र के रूप में उभरा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी उसकी भूमिका लगातार सशक्त होती जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा भी भारत की अंतरराष्ट्रीय सोच और कूटनीतिक दृष्टि को दर्शाती है। यह परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना गणतंत्र स्वयं है। 1950 में, जब पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया, तब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो भारत के पहले मुख्य अतिथि थे। यह स्पष्ट संकेत था कि भारत अपनी आज़ादी को केवल घरेलू उत्सव नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और मित्रता के अवसर के रूप में देखता है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि पहली गणतंत्र दिवस परेड कर्तव्य पथ (तत्कालीन राजपथ) पर नहीं, बल्कि इरविन स्टेडियम में आयोजित हुई थी, जिसे आज नेशनल स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1955 में परेड को राजपथ स्थानांतरित किया गया, जिसे आज कर्तव्य पथ कहा जाता है। 77वें गणतंत्र दिवस पर भारत एक बार फिर अपने उन सच्चे नायकों को सम्मानित कर रहा है, जो देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। इस वर्ष 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह संख्या अपने आप में बताती है कि राष्ट्र अपने रक्षकों के योगदान को कितनी गंभीरता से स्वीकार करता है। इसके अतिरिक्त, नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े 35 कर्मियों और पूर्वोत्तर भारत में तैनात 5 कर्मियों को भी वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा है। यह दिखाता है कि देश के हर कोने में तैनात सुरक्षाबल समान साहस और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार का गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों और सुरक्षा बलों की वीरता का भव्य संगम है। यह दिन हमें गर्व करने का अवसर देता है, साथ ही यह जिम्मेदारी भी याद दिलाता है कि एक नागरिक के रूप में हम संविधान, राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरक अवसर है।



उपलब्धि
अरविंद जयतिलक

# बुलंदियों के क्षितिज पर भारतीय गणतंत्र

> भारतीय संविधान ने देश में सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे रखे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली हुई है। भारतीय संविधान में जाति, धर्म, रंग, लिंग, कुल, गरीब व अमीर आदि के आधार सभी समान हैं। जनमत पर आधारित भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य शासकों को हटाने का मौका मिलता है। हालांकि, जनसंख्या नियंत्रण की चुनौती अभी भी बनी हुई है। इन समस्याओं के बाद भी देश ने सात दशकों में ढेर सारी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं।

आज भारत राष्ट्र अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत राष्ट्र ने संसार को एक नए गणराज्य के गठन की सूचना दी। अपने संविधान को अमल में लाया। उस संविधान की भावना के अनुरूप ही भारत एक प्रभुता संपन्न गणतंत्रात्मक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी राज्य बना। देश में संविधान का शासन है और संसद सर्वोच्च है। देश की आजादी के उपरांत हमारा उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक भारत का निर्माण करना था। ऐसा भारत जिसमें सभी नागरिकों को विकास और सेवा का समान अवसर मिले।

ऐसा भारत जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत, हठधर्मिता और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के लिए स्थान न हो, इसीलिए हमारे संविधानविदों ने संविधान गढ़ते वक्त दुनिया के बेहतरीन संविधानों से अच्छे प्रावधानों को ग्रहण किया। गौर करें तो भारतीय संविधान की यह सभी विशेषताएं भारतीय संविधान को उदारवादी और विकासवादी बनाती हैं। भारतीय संविधान ने देश में सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे रखे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली हुई है। भारतीय संविधान में जाति, धर्म, रंग, लिंग, कुल, गरीब व अमीर आदि के आधार सभी समान हैं। जनमत पर आधारित भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है। सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य शासकों को हटाने का मौका मिलता है। भारतीय संविधान ने राज्य के लोगों की स्वतंत्रता और उनके अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप करने का अधिकार केंद्र या राज्य सरकारों को नहीं दिया है। संविधान के तहत राजनीतिक दल सभाओं, भाषणों, समाचारपत्रों, पत्रिकाओं तथा अन्य संचार माध्यमों से जनता को अपनी नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराते हैं। विरोधी दल संसद में मंत्रियों से प्रश्न पूछकर, काम रोको प्रस्ताव रखकर तथा वाद-विवाद द्वारा सरकार के भूलों को प्रकाश में लाते हैं। सरकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए उसकी नीतियों और कार्यों की आलोचना करते हैं। भारतीय संविधान के मुताबिक संघीय शासन की स्थापना के बावजूद प्रत्येक नागरिक को इकहरी नागरिकता प्राप्त है और इससे राष्ट्र की भावनात्मक एकता की पुष्टि होती है। यहां संयुक्त राज्य अमेरिका की तरह राज्यों की कोई पृथक नागरिकता नहीं है। धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी इच्छानुसार शिक्षण संस्थाएं स्थापित करने तथा धन का प्रबंध करने का अधिकार है। संविधान ने सुनिश्चित किया है कि शिक्षण-संस्थाओं को सहायता देते समय राज्य किसी शिक्षण संस्था के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करता है कि वह संस्था धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। इसी तरह भारतीय नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का अधिकार हासिल है। इस व्यवस्था ने भारतीय नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे सवाल-जवाब करने की नई लोकतांत्रिक धारणा को जन्म दिया है। इस व्यवस्था से सरकारी कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ा है, जिससे आर्थिक विकास को तीव्र करने, लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को



नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। सूचना के अधिकार से सत्ता की निरंकुशता पर भी अंकुश लगा है। भारतीय संविधान ने भारत के स्वरूप को एक मृदु राज्य में तब्दील कर दिया है। उसी का नतीजा है कि भारत के प्रत्येक राज्यों में राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन हुआ है। इन आयोगों को विधिवत सुनवाई करने तथा दंड देने का अधिकार प्राप्त है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण और स्थानीय स्तर पर स्वशासन की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से मृदु राज्य के रूप में तब्दील होने से भारत का तीव्र गति से विकास हो रहा है और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता भी बनी हुई है। आज भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यूपीआई के जरिए लेन-देन बढ़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में यूपीआई से कुल 228 अरब से अधिक के लेन-देन हुए जिनका कुल मूल्य लगभग 300 लाख करोड़ था। यह वर्ष 2024 की तुलना में 32.5 प्रतिशत तथा मात्रा में 21 प्रतिशत अधिक है। विनिर्माण क्षेत्र में ग्रोथ से भारत के निर्यात में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। 2025 में 824.9 बिलियन के रिकार्ड स्तर पर रहा। बीते दस वर्षों में 120 अरब डॉलर से ज्यादा की नई कंपनियां अस्तित्व में आई हैं। आज इनका मूल्य 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह संकेत भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था की संभावना को पुख्ता करता है। भारत गरीबी से निपटने के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है।

नीति आयोग के डिस्कशन पेपर 'मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि 2013-14 से 2022-23 के बीच 24.82 करोड़ लोग मल्टीडाइमेंशनल गरीबी से बाहर निकले हैं। ऐसा इसलिए संभव हुआ है कि सरकार ने कल्याणाकारी योजनाओं के लीकेज को बंद करने में सफलता हासिल की है अर्थात कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा है। केंद्र सरकार भूख की गरीबी को खत्म करने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना संचालित कर रही है जिसके जरिए देश के तकरीबन 80 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम खाद्यान्न दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना के अंतर्गत तकरीबन दस करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास दिया जा चुका है। 41 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिसके जरिए उन्हें उच्चकोटि के अस्पतालों में निःशुल्क इलाज मिल रहा है। जनधन खाताधारकों की संख्या 56 करोड़ के पार पहुंच चुकी है जिसमें 80 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। इन खातों में 2.68 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि जमा है और 70 करोड़ रुपे कार्ड जारी किया गया है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए केंद्र सरकार ने देश का भाग्य संरचनात्मक रूप से कृषि से जोड़ दिया है। जनसंख्या नियंत्रण की चुनौती अभी भी बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी है, वहीं भारत में साल भर में आबादी 1.56 प्रतिशत बढ़ी है। विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इन समस्याओं के बाद भी सात दशकों में ढेर सारी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## गर्व

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



# भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो!

हम भारत के लोग 26 जनवरी 2026 की सुबह अपने 77वें गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। यह समय हमें आंकलन करने की अपेक्षा करता है कि इतने दीर्घावधि वाले भारत गणतंत्र का 'जन-गन-मन' आज किन अनुभूतियों के साथ जी रहा है। यह देश का सौभाग्य है कि हमारे पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। इस देश की महिलाएं विगत 77 वर्षों में पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं से लड़कर मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुकी हैं। पहले की अपेक्षा बाल शिशु मृत्यु दर कम हुई है। कौशलयुक्त शिक्षा व्यवस्था अपना आकार ले चुकी है और स्टार्टअप के माध्यम से अनेक युवा अपने रोजगार सृजित कर दूसरों को रोजगार देने में सक्षम हुए हैं। यह इस देश की और भारतीय गणतंत्र की खूबसूरती है कि सामाजिक न्याय पहले की अपेक्षा अब ज्यादा दिखने लगा है। एलजीबीटीक्यू ग्रुप, वृद्धजन, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, आदिवासी लोग और घुमंतू जातियों के लोगों में आत्मसम्मान बढ़ा है। जागरूकता बढ़ी है। शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मानव विकास के सूचकांकों में वृद्धि हुई है। जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। अब किसान की आय में वृद्धि हुई है। हमारे आयत-निर्यात और वह्स्विक स्तर पर राजनयिक संबंधों में कभी असहजता जो बढ़ रही थी, उसमें अब सुगमता से डिप्लोमेटिक लेवल पर पॉलिसीज तैयार हुई है। देश ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय संबंधों में विश्वास को जीता है और बहुत से देशों के साथ मधुर संबंध स्थापित हुए हैं। भारतीय संविधान की यह ताकत है कि भारत गणतंत्र इतना सशक्त व समृद्ध तरीके से अपने 77 वर्ष का समय पूर्ण करके कई नई पहल करने के लिए सक्षम बन सका है। देश में विशेष सन्देश सबके मन के भीतर है कि हम भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था के साथ जीकर 2047 तक विकसित भारतीय गणतंत्र की ओर अग्रसर हों और हमारे भारतीय नागरिकों में स्वबोध, गौरवबोध की स्थापना हो। हमारे देश के महान स्वाधीनता सेनानियों, संविधान निर्माताओं और भारत के निर्माणकर्ताओं को इस पावन अवसर पर हमें स्मरण करना है। उन स्त्रियों को स्मरण करना है जिन्होंने उन दिनों गांधी, सुभाष, पटेल, सी. राजगोपालाचारी, राजेंद्र प्रसाद, नेहरू आदि के साथ भारतीय अस्मिता के लिए संघर्ष किया और भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे त्यागी, आत्मबलिदानी व साहसी लोगों के प्राणों के आहुति से प्रेरित होकर देश की स्वाधीनता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हममें से अधिकांश लोग अजीजन बाई के बारे में नहीं जानते, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बहादुर नायिका थीं। पेशे से नर्तकी-तवायफ होने के बावजूद उन्होंने देशभक्ति में जीवन लगा दिया। उन्होंने लगभग 400 महिलाओं का गुप्त समूह, जो अंग्रेज़ों से जानकारी जुटाता और क्रांतिकारियों तक पहुंचाता। इसके अलावा वे हथियार चलाने और सैनिकों की मदद में भी माहिर थीं। विद्रोह के दौरान उन्हें ब्रिटिशों ने पकड़ लिया। उन्होंने अपने साथियों का राज़ नहीं खोला और शर्तें अस्वीकार की। जनरल हैवलॉक ने उन्हें तोप से उड़ा दिया। उनके इस साहस और योगदान के कारण नानासाहेब ने उन्हें बहन समान सम्मान दिया था। उनका साहस आज भी महिलाओं की वीरता और स्वतंत्रता प्रेम की मिसाल है। ऐसी वीरांगनाओं को इस गणतंत्र पर हमें स्मरण करना है। हमारी आने वाली पीढ़ी की मांग के मुताबिक उनके सपनों के हिसाब का भारत बनाना ज़रूरी होगा लेकिन यह फिक्र तभी कम होगी, जब हमारी इच्छाशक्ति, विजन-प्लान व लीडरशिप सशक्त, पारदर्शी व गंभीर पहल करेगी। वास्तव में मुख्यधारा से लेकर हाशिये के समाज तक योजनाओं का पूर्णतया नियोजन व प्रतिभागिता व लाभार्थी बनाने की चेष्ठा होगी। इस गणतंत्र पर हम अपने पड़ोसियों के दुःख-सुख में सहभागी होने की शपथ लें। सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए तत्पर हो और वैश्विक स्तर पर ख्याति व उपलब्धियों के शानदार प्रदर्शन के लिए हर भारतीय मन तैयार हो तो देश अपने गणतंत्र की जयघोष खुद करने या प्रचारित करने के लिए नहीं सोचेगा अपितु पूरी दुनिया भारतीय गणतंत्र की जय-जयकार करेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि भारत निराश नहीं है। भारत निरंतर अपने विकास के कीर्तिमान स्थापित भी कर रहा है। स्पेस, टेक्नोलॉजी, डिजिटल क्रांति के लिए भारत को संपूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त है। अब तक की भारतीय संवैधानिक यात्रा दुनिया के अनेक देशों की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उत्तम मानी जा रही है, इसलिए आज आशावादी देश भारत अपने देश के गणतांत्रिक मूल्यों के साथ हिमालय सा मस्तक ऊंचाकर आगे बढ़ने को तैयार है। देश के नागरिकों को अपने कर्त्तव्य का वैयक्तिक व सामूहिक स्तर ज्यादा समझने की आवश्यकता है। हम सब कामना करें कि इस 77वें गणतंत्र पर भारत गणतंत्र तुम्हारी जय हो! यह देश निर्भय हो। इस भावना के साथ ही हम अपने गणतांत्रिक स्वबोध को भी बचा सकेंगे।

(लेखक पंजाब विवि में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
**दर्शन**

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### मारपीट-हत्याओं के बढ़ते मामले

देश में मारपीट और हत्या के मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसे ही मामले काफी समय से राजधानी रायपुर व प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में बढ़े हैं। इन मामलों के बढ़ने का सबसे बड़ा कारण लोगों का सहनशीलता लेवल कम होना है। जहां भी हमारा आपा खो जाता है, वहां हम मारपीट में फंस जाते हैं। मारपीट और हत्या के मामलों से बचने के लिए एक ही चारा है कि हमें कोई भी विवाद हो, उसे बातचीत से सुलझा देना चाहिए। वहीं एक सुझाव यह भी है कि महिलाओं को समाज में सशक्त होना चाहिए, ताकि कोई भी विवाद हो वह उसे अच्छे से सुलझा लें। महिलाएं सशक्त होंगी तो बहुत सारे विवाद जो घर से बाहर निकलते हैं, वे सुलझ सकते हैं।

*–रमेश यदु, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# क्लाइम्बर एलेक्स बिना रस्सी ताइपे 101 पर चढ़े

अमेरिकी रॉक क्लाइम्बर एलेक्स होनोल्ड ने रविवार को बिना किसी रस्सी या सुरक्षा उपकरण के गगनचुंबी इमारत 'ताइपे 101' पर चढ़ाई की। एलेक्स ने रविवार को सुबह जब 508 मीटर (1,667 फुट) ऊंची इस इमारत पर चढ़ना शुरू किया, तो वहां जमा भीड़ ने खुशी से तालियां बजाईं। उन्होंने धातु की बीमों का सहारा लेकर सिर्फ हाथों के जरिये चढ़ाई की। जब वह एक जगह रुके और पीछे मुड़कर दर्शकों की ओर देखने लगे, तो वहां खड़े लोगों ने फिर से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए नारे लगाये। उनकी लाल रंग की छोटी बाजू की शर्ट चढ़ाई के दौरान सबसे अलग दिख रही थी। ताइवान की राजधानी स्थित इस प्रतिष्ठित



इमारत पर होनोल्ड की चढ़ाई का सीधा प्रसारण नेटफ्लिक्स पर 10 सेकंड की देरी के साथ किया जा रहा था। एलेक्स को इमारत पर शनिवार को चढ़ना था, लेकिन बारिश के कारण 24 घंटे के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। इस इमारत में 101 मंजिल हैं, जिनमें सबसे कठिन हिस्सा मध्य भाग की 64 मंजिल हैं। ये इमारत को इसकी विशिष्ट पहचान देते हैं। आठ भागों में विभाजित इस इमारत के प्रत्येक भाग में आठ मंजिल हैं। एलेक्स ने ऊपर चढ़ते समय हर भाग में थोड़ी-थोड़ी देर आराम किया।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और



साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## ट्रेंड

### जनभागीदारी की मिसाल



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी का पुनरोद्धार जनभागीदारी की सफलता की अद्भुत मिसाल है। यहां के लोगों ने अपनी सामूहिक शक्ति से ना केवल एक नदी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की धारा को एक नया जीवन दिया है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'श्री अन्न' की स्वीकार्यता



'श्री अन्न' की बढ़ती स्वीकार्यता देश के खानपान में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाती है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में किया है। 'श्री अन्न' आज पोषण, नवाचार और किसान आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बना है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण की बहुत भारी कीमत चुका रहे हैं -अपने स्वास्थ्य से भी और अर्थव्यवस्था से भी। करोड़ों आम भारतीय हर दिन इसका बोझ झेल रहे हैं। बच्चे और बुज़ुर्ग सबसे ज़्यादा इसके कारण पीड़ा सहते हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सोरेन ने परंपरा तोड़ी



झारखंड की उप राजधानी दुमका में मुख्यमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन हेमंत सोरेन ने लंदन में शॉपिंग करने के लिए इस परंपरा को भी तोड़ दिया। वे विदेशी दौरे पर जनता की गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# चौधरी मित्रसेन आर्य : वेद, पुरुषार्थ और संस्कार से गढ़ा जीवन

||
इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती हैं। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी मित्रसेन जी हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं।
||

**न जायते म्रियते वा कदाचित् (भगवद्गीता)**
अर्थात आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है।

यह श्लोक केवल आध्यात्मिक सत्य नहीं, बल्कि चौधरी मित्रसेन जी के जीवन का यथार्थ है। उनका शरीर भले ही नश्वर था, पर उनका कर्म, उनका विचार और उनका पुरुषार्थ अमर है। इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी स्मृति केवल अतीत नहीं होती, बल्कि वर्तमान के दर्शन और भविष्य को दिशा देने का कार्य करती है। इतिहास कुछ लोगों को जन्म देता है और कुछ लोग इतिहास को दिशा देते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। भले ही 27 जनवरी 2011 को उन्होंने 79 वर्ष की आयु में भौतिक शरीर का परित्याग किया, किंतु वेद जिस कीर्तिमय शरीर की बात करते हैं, वह आज भी जीवित है, प्रेरक है। चौधरी मित्रसेन जी की पुण्यतिथि केवल एक तिथि नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। आज, उनकी पुण्यतिथि पर यह कहना उचित होगा कि चौधरी साहब हमारे बीच शरीर से अनुपस्थित हैं, परंतु विचारों से हर जगह उपस्थित हैं। 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी गांव में जन्मा यह बालक उस कालखंड की उपज था, जब देश स्वतंत्रता की पीड़ा और स्वप्न दोनों को एक साथ जी रहा था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के बाद देश की आत्मा जाग चुकी थी। गांव-गांव, घर-घर स्वतंत्रता का स्वर गूंज रहा था। ऐसे वातावरण में जन्मे मित्रसेन जी को देशभक्ति विरासत में मिली। उनके पिता चौधरी शीशराम किसान होने के साथ-साथ आर्य समाज की विचारधारा के संवाहक थे। महर्षि दयानंद सरस्वती के 'विचार, आर्य समाज की मर्यादाएं व राष्ट्रप्रेम' इन तीनों का गहरा संस्कार बालक मित्रसेन के व्यक्तित्व में आरंभ से ही रच-बस गया।

## विपत्ति ने छीना बचपन, पर नहीं छीन सकी संकल्प

जीवन ने बहुत जल्दी मित्रसेन की परीक्षा ले ली। मात्र दस वर्ष की आयु में पिता की आंखों की रोशनी चली गई। इसके बाद परिवार से चाचाओं की छत्रछाया भी उठ गई। यह ऐसा समय था जब अधिकांश बच्चे खेल रहे होते थे, लेकिन मित्रसेन जी को इस उम्र में खेत संभालने पड़े। यहां से शुरू होती है वह कहानी, जो बताती है कि संकट यदि इच्छाशक्ति से टकराए, तो इतिहास बनता है। कम उम्र में ही मित्रसेन जी यह समझ चुके थे कि केवल परंपरागत खेती पर निर्भर रहकर भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। इसे देखते हुए उन्होंने संकल्प लिया और तकनीकी ज्ञान को अपनाया। उन्होंने रोहतक में लेथ और इंजन बोरिंग मशीन का काम सीखा। ये उनकी दूरदर्शिता ही थी कि एटलस साइकिल, सोनीपत से लेकर रोहतक बिजलीघर और उदयपुर के कारखानों तक, हर जगह उन्होंने केवल नौकरी नहीं की, बल्कि अनुभव संजोया। 1955 में जब रोहतक में उन्होंने अपना लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना स्थापित किया, तब यह केवल एक उद्योग नहीं था, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की घोषणा थी।

## राष्ट्रप्रेमः हिंदी सत्याग्रह में जेल गए

आमतौर पर देखा जाता है कि जैसे-जैसे उद्योग बढ़ता है, सामाजिक सरोकार घटते जाते हैं। लेकिन चौधरी मित्रसेन इस प्रवृत्ति के अपवाद थे। एक ओर उनका औद्योगिक विस्तार उड़ीसा के बड़विल से होते हुए देश-विदेश तक पहुंचा, तो दूसरी ओर वे समाजसेवा में भी उतने ही सक्रिय रहे। 1957 के हिंदी सत्याग्रह में वे जेल गए जो यह दर्शाता है कि उनके लिए राष्ट्रप्रेम केवल भाषण नहीं, व्यवहार था।

## परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय

चौधरी मित्रसेन का जीवन इस मिथक को तोड़ता है कि उद्योग और आध्यात्म साथ नहीं चल सकते। उनके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वय दिखता है। पंच महायज्ञ, ईश्वर उपासना, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना यह सब आज भी उनके परिवार की पहचान है। चौधरी मित्रसेन जी ने आर्य मर्यादाओं के अनुरूप अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। उन्होंने अपने घर में जिन मर्यादाओं और संस्कारों की प्रतिष्ठा की, वे आज भी उनके परिवार की जीवनशैली में जीवंत रूप से स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत इतिहास है जहां आर्यावर्त की गौरवगाथा दीवारों पर अंकित है।



**चौधरी मित्रसेन आर्य जी**

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** समाजसेवी, वेदानुगामी व उद्योगपति
**विशेष योगदानः** आदिवासी-वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा व संस्कार का रोपण, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

## समाजहित जीवन का उद्देश्य

**"कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात-संपूर्ण विश्व को श्रेष्ठ और उदात्त बनाना ही मानव का कर्तव्य है।*

चौधरी मित्रसेन जी का जीवन इस वैदिक भाव का सजीव उदाहरण था। उन्होंने समाजहित को अपने जीवन का उद्देश्य मानते हुए समय, पुरुषार्थ और धन तीनों चिंतन और आचरण में बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस तथा उदारता का ऐसा समन्वय दृष्टिगोचर होता है, जिसने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय मानदंड स्थापित किए। यद्यपि चौधरी मित्रसेन जी की नश्वर देह को इस संसार से विदा हुए 15 वर्ष बीत हो चुके हैं, किंतु उनके द्वारा स्थापित औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण संस्थान, गुरुकुल तथा विविध सामाजिक न्यास आज भी सक्रिय हैं और यह अहसास करवाते हैं कि चौधरी साहब हमारे आसपास ही हैं। वे अपने कीर्तिमय जीवन से सतत मार्गदर्शन करते हैं। उनके विचार आज भी इन अमृतवचनों के रूप में समाज को दिशा देते हैं कि सफलता का मूलमंत्र आस्तिक भाव से ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए, नेक इरादों और हंसते-हंसते पुरुषार्थ करना है।

## शिक्षा संस्थान और उद्योग

चौधरी मित्रसेन द्वारा अनेक गुरुकुल विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। शिक्षा को समाज निर्माण का आधार मानते हुए उन्होंने इन संस्थानों के माध्यम से संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया। वर्तमान में चौधरी मित्रसेन का व्यावसायिक साम्राज्य देश के विभिन्न राज्यों में फैला हुआ है। उनके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में विविध प्रकार के व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में कोल वॉशरी, खनिज खनन तथा ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में उनका प्रभावशाली कार्य है। इसके साथ-साथ थर्मल पावर प्लांट व अन्य उद्योग भी प्रारंभ होकर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में भी उनके व्यवसाय सक्रिय हैं। होटल व्यवसाय और वित्तीय कंपनियों के अतिरिक्त मीडिया क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। उनके द्वारा लगाया गया पौधा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्य प्रदेश में भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। हरिभूमि देश के दस सर्वाधिक पाठक संख्या वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में सम्मिलित रहा है।

## परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से समाजसेवा की मिसाल

पिछले कई वर्षों से चौधरी मित्रसेन ने अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित करते हुए परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से मानव कल्याण का एक सशक्त अभियान खड़ा किया है। उनका मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के साथ यह संस्थान वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परममित्र मानव निर्माण संस्थान के जरिए न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। समाजसेवा में जुटे विभिन्न संगठनों और संस्थानों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग देकर उनकी कार्यक्षमता को मजबूत किया जा रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके। चौधरी मित्रसेन के नेतृत्व में परममित्र मानव निर्माण संस्थान आज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है। यह संस्थान समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना संभव है।

## मित्र स्मृति स्तंभ सांस्कृतिक धरोहर

**"यं पूर्वे ऋषयो विदुः।"(ऋग्वेद)**
*अर्थात—जिस पथ पर पूर्वज ऋषि चले, वही लोकमंगल का मार्ग है।*

प्रायः यह देखा जाता है कि जहां लक्ष्मी का निवास होता है, वहां सरस्वती का अभाव रहता है, किंतु चौधरी मित्रसेन जी के परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का समन्वित वास है। यह उनकी और उनके परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही परिणाम है कि उनके आश्रम तुल्य गृह की चारदीवारी पर सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां अंकित हैं, जो सभी को रोमांच और आत्मगौरव से भर देती हैं। खांडाखेड़ी गांव में बनाए गए मित्र स्मृति स्तंभ में प्रदर्शित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक झलकियां यह स्पष्ट करती हैं कि उनका परिवार न केवल उनकी आर्थिक विरासत का, बल्कि सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का भी पूर्ण निष्ठा से संरक्षण कर रहा है।

---

### आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किया

पहले चुनौती देने की आईं थी खबरें

# आईसीसी के फैसले को अब चुनौती नहीं देगा बांग्लादेश?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की मौजूदगी को लेकर छिड़ा विवाद शनिवार को खत्म हो गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को सूचित किया कि उनकी जगह स्कॉटलैंड को टीम में शामिल किया गया है।

अब बीसीबी ने स्पष्ट किया है कि वह आईसीसी के इस फैसले को चुनौती नहीं देगा। बीसीबी की मीडिया समिति के अध्यक्ष अमजद हुसैन ने साफ किया कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। अमजद हुसैन ने कहा कि हमने आईसीसी बोर्ड के फैसले को स्वीकार कर लिया है। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया है कि या तो हमें भारत जाकर खेलना होगा या फिर मैचों को श्रीलंका शिफ्ट नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में हमारे लिए भारत जाकर खेलना संभव नहीं है। हम किसी अलग मध्यस्थता या कानूनी प्रक्रिया में नहीं जा रहे हैं।'



फाइल फोटो

#### बहिष्कार की धमकी देकर पलटा पाकिस्तान

पाकिस्तान ने रविवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बयान दिया था कि टीम का इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलना पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्णय पर निर्भर है। इतना ही नहीं उसने तो विश्व कप का बहिष्कार करने तक की धमकी दी थी। हालांकि, अब पीसीबी ने टीम का ऐलान कर दिया। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सलमान अली आगा की कप्तानी में खेलने उतरेगा।

---

### दिल्ली में ली अंतिम सांस

## मशहूर पत्रकार और लेखक मार्क टली का निधन हुआ

**नई दिल्ली।** जाने माने लेखक और वरिष्ठ पत्रकार मार्क टली का रविवार को नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। अपनी पत्रकारिता के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले मार्क टली कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और पिछले एक सप्ताह से साउथ दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। मैक्स हॉस्पिटल ने बयान जारी करके कहा कि विलियम मार्क टली का निधन 25 जनवरी, 2026 को दोपहर 2:35 बजे हुआ। उनकी मौत का कारण स्ट्रोक के बाद मल्टी-ऑर्गन फेलियर था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में जन्मे मार्क टली, 22 वर्षों तक बीबीसी के नई दिल्ली ब्यूरो प्रमुख रहे। वह एक प्रतिष्ठित लेखक भी थे और बीबीसी रेडियो-4 के लोकप्रिय कार्यक्रम 'समथिंग अंडरस्टूड' के प्रेजेंटर रहे।



■ स्ट्रोक के बाद मल्टी-ऑर्गन फेलियर बनी वजह

### 27 राज्यों के अध्यक्ष भी रहे मौजूद

## तेजस्वी राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, लालू ने सौंपा जिम्मा

**पटना।** आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। पटना के होटल मौर्या में यह बैठक हुई, जिसमें लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे। भोला यादव ने तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी नेताओं ने सहमति जताई। तेजस्वी यादव को यह जिम्मेदारी दिए जाने पर उनकी बहन रोहिणी आचार्य जमकर भड़कीं। रोहिणी ने एक्स अकाउंट के जरिए पोस्ट शेयर कर लिखा-सियासत के शिखर-पुरुष की गौरवशाली पारी का एक तरह से पटाक्षेप, ठकुरसुहाती करने वालों और गिरोह-ए-घुसपैठ को उनके हाथों की कठपुतली बने शहजादा की ताजपोशी मुबारक।



■ रोहिणी ने कहा कठपुतली की ताजपोशी मुबारक

---

**नई पीढ़ी को यह तथ्य जानना चाहिए**

### 1950 में ऐसा था भोपाल : जब शहर दरवाजों के बाहर निकला तो राष्ट्रीय आयोजन भी बड़े स्तर पर होने लगे

# 1950 से पहले भोपाल 7 दरवाजों में बंद था गणतंत्र दिवस से यह खुलता और खिलता गया

*26 जनवरी 1950, गणतंत्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है, पर उस वक्त भोपाल कैसा था, उसके जीवन का मिजाज और ढंग कैसा था, हरिभूमि इस गणतंत्र दिवस पर यह जानकारी आपसे साझा कर रहा है*

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

76 साल पहले राजधानी भोपाल सात दरवाजों के भीतर बसती थी। इन दरवाजों के बाहर बसाहट नहीं थी। सूरज ढलते ही दरवाजे बंद हो जाते थे। जब नवाबी शासनकाल खत्म हुआ उसके बाद कई सालों तक गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह शहर के भीतर हुआ करते थे। जब शहर दरवाजों के बाहर निकला तो राष्ट्रीय आयोजन भी बड़े स्तर पर होने लगे। यह कहना है कि शहर के इतिहासकार एसएम हुसैन का।



एसएम हुसैन

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे शहर की बसाहट हुई और दायरा बढ़ना शुरू हुआ तो यह आयोजन की भव्यता भी बढती गई। हुसैन ने बताया कि नवाबी दौर में शहर सात दरवाजों के भीतर हुआ करता था। सभी दरवाजे सूरज ढलते ही बंद हो जाते थे। बुधवारा, गिन्नौरी, बारा महल आदि इलाकों में नवाबी शासनकाल के कर्मचारी रहा करते थे। सभी दरवाजों पर पहरा रहता था। धीरे-धीरे शहर दरवाजों से बाहर निकलना शुरू हुआ। अलग-अलग नवाबों से श्यामला हिल्स, जहांगीराबाद, संत नगर आदि बसाए। ऐसे शहर का दायरा बढ़ना शुरू हुआ। इसी तरह राष्ट्रीय आयोजन भी छोटे स्तर से बडे स्तर पर मनाए जाने लगे।

**भारत छोडो आंदोलन का गवाह है यादगार-ए-शाहजहांनी पार्कः** -1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क पांच हजार से ज़्यादा लोग जमा हुए थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने यहीं से अंग्रेजों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की थी।

अलग खबर




मिंटो हॉल का दृश्य

**शहर दरवाजों से बाहर निकला तो जहांगीराबाद श्यामला हिल्स, संत नगर**

***बाग उमराव दूल्हा, बाग फरहत अफ्जा बैरसिया रोड, महामाई का बाग, ईंटखेड़ी और काजी कैंप तक बागीचे थे, जहां अब धनी आबादी***

***बुधवारा, गिन्नौरी, बारा महल आदि इलाकों में नवाबी शासनकाल के कर्मचारी रहा करते थे***

#### बेनजीर मैदान पर महात्मा गांधी की हुई थी सभा

*पुराने शहर के बेनजीर मैदान पर 1929 में आजादी के पहले महात्मा गांधी भोपाल आए थे और यहां एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उनके ठहरने की व्यवस्था राहत मंजिल में की गई थी। उनकी यात्रा की खास बात यह रही कि राहत मंजिल से बेनजीर मैदान तक के रास्ते और सभा स्थल को खादी के कपड़ों से सजाया गया था।*

#### *1950 से पहले शहर तन्हा यानि चहारदीवारी में था*

सेवानिवृत वाणिज्य कर अधिकारी ताहा पाशा कहते हैं कि 1950 से पहले शहर तन्हा यानि चहारदीवारी में हुआ करता था। जहांगीराबाद और शाहजहांनाद क्षेत्र की बसाहट बाद में हुई। नवाबी शासनकाल में कार्यक्रम न्यू सैफिया कॉलेज में होते थे। जुमेराती, इब्राहिमपुरा आदि स्थानों पर सभाएं होती थीं।



ताहा पाशा

---

**नृशंसता की सारी सीमाएं लांघी...बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या**

# दुकान में सोते हुए 23 साल के चंचल भौमिक को गैरेज में जिंदा जला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में चुनाव होने वाले हैं लेकिन उससे पहले कट्टरपंथियों द्वारा लगातार हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। अब एक बार फिर वहां से एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या की खबर सामने आई है। हत्या करने वालों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं और जिस गैराज में युवक सो रहा था उसमें ही पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। युवक अपनी जान बचाने के लिए बाहर न आ सके इसलिए गैराज का शटर गिरा दिया। इसके चलते आग में झुलसकर शख्स की मौत हो गई है। दरअसल, ये मामला शुक्रवार की रात है। बांग्लादेश के नरसिंदी में 23 साल के चंचल भौमिक अपनी दुकान में सो रहे थे। ऐसे में हमलावरों ने पहले दुकान का शटर गिराया और फिर दुकान पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इसके चलते चंचल नींद से उठने के बाद भी दुकान से बाहर न आ सका। चंचल भौमिक से पहले दीपू चंद्र दास से लेकर खोकोन चंद्र दास जैसे हिंदुओं की हत्या हो चुकी है।



# मुंबई के बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों का रहा दमदार प्रदर्शन, हैदराबाद को 9 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

रणजी ट्रॉफी के छठे चरण के मुकाबले में मुंबई ने सरफराज खान की शानदार बैटिंग के दम पर मोहम्मद सिराज की कप्तानी वाली हैदराबाद की टीम को 9 विकेट से हरा दिया। सरफराज खान ने इस मैच में हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था और वो प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वहीं मुंबई की तरफ से मुशीर खान ने 5 विकेट चटकाए। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम पर मुंबई के बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में हैदराबाद ने टॉस जीता था और फिर गेंदबाजी का फैसला किया था।

भारत ने इजराइली तकनीकी का किया इस्तेमाल

# स्विस रिपोर्ट में हुआ खुलासा: ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने मचा दी थी तबाही...जिससे पाकिस्तान सीजफायर को हो गया मजबूर

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में भयंकर तबाही मचाई थी। इसी कारण पाकिस्तानी सेना सीजफायर के लिए भारत से गुहार लगाने लगी। यह खुलासा एक स्विस रिपोर्ट में किया गया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। यह खुलासा स्विस थिंक टैंक सेंटर डी हिस्टोयर एट डे प्रॉस्पेक्टिव मिलिटेयर्स (सीएचपीएम) की एक विस्तृत सैन्य रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से शुरू किए गए चार दिवसीय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वायु श्रेष्ठता ने पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मजबूर किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की एयरफोर्स ने जैसे ड्रोनों का इस्तेमाल किया, लेकिन भारतीय रक्षा प्रणाली को वह भेद नहीं सका। लिहाजा वे महत्वपूर्ण लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके।

*भारत की रक्षा प्रणाली को नहीं भेद पाए पाक ड्रोन*

*पाकिस्तान के कई विमान भारत ने गिरा दिए थे*


फाइल फोटो

### क्या कहती है रिपोर्ट

पुली (स्विट्जरलैंड) स्थित और 1969 में स्थापित सीएचपीएम ने पिछले हफ्ते यह रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसका शीर्षक है 'ऑपरेशन सिंदूरः द इंडिया-पाकिस्तान एयर वॉर'...और इसे सेवानिवृत्त स्विस वायु सेना के मेजर जनरल एड्रियन फॉन्टानेलाज ने लिखा है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी कैंपों पर हमला किया।

### भारत ने इन विमानों से किया पाक पर हमला

भारत ने कम से कम एक एचक्यू-9 बैटरी पर हमला किया। इन ऑपरेशनों के संचयी प्रभाव से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की कवरेज की मात्रा और गुणवत्ता में भारी कमी आई। हमलों से बचने के लिए कई बचे रडार बंद हो गए, जिससे भारतीय विमानों के लिए आगे बढ़ना आसान हुआ। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की हमले की तैयारियों का पता लगाया और तुरंत जवाबी हमला किया। सू-30एमकेआई, जगुआर और राफेल से भारतीय हवाई क्षेत्र से ही ब्रह्मोस आदि मिसाइलें दागी गईं। इनसे पाकिस्तानी क्षेत्र में 200 किमी तक गहरे 7 ठिकानों पर हमला हुआ, जिसमें एक सतह-से-हवा मिसाइल बैटरी और 5 एयर बेस शामिल थे।

### भारत ने पाक में मचाई तबाही

*उत्तर पाकिस्तान में इस्लामाबाद के पास नूर खान एयर बेस पर कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर नष्ट हुआ। मुरिद एयर बेस (पीएएफ के मेल ड्रोन फ्लीट का केंद्र) पर कई हैंगर और कंट्रोल सेंटर क्षतिग्रस्त हुए। मध्य पाक में राहिम यार खान एयर बेस की रनवे पर कई हमले हुए और सिविलियन एयरपोर्ट टर्मिनल (ड्रोन कंट्रोल सेंटर) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। रफीकी एयर बेस भी निशाना बना। दक्षिण में सुक्कुर एयर बेस पर ड्रोन हैंगर और रडार पर हमला हुआ। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत ने एस्केलेशन डोमिनेंस बनाए रखा।*

## खबर संक्षेप

### दक्षिण कोरिया में एआई कानून लागू हुआ



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया गया है। इस फैसले ने न सिर्फ तकनीक की दुनिया का ध्यान खींचा है, बल्कि इससे जुड़े नियमों और उनके असर को लेकर नई बहस भी शुरू हो गई है। सरकार इसे भविष्य की जरूरत बता रही है, जबकि स्टार्टअप जगत इससे जुड़ी चिंताओं को खुलकर सामने रख रहा है। दक्षिण कोरिया की सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा आधिकारिक रूप से लागू कर दिया है।

### ब्रिटेन की फील्डिंग करेगा भारतीय युवा



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका में ब्रिटेन की कारोबारी फील्डिंग सेट करने के लिए एक भारतीय को चुना है। भारतीय मूल के बिजनेस एडवाइजर वरुण चंद्रा को अमेरिका में व्यापार और निवेश के लिए विशेष दूत नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ब्रिटेन का सबसे बड़ा सिंगल-कंट्री ट्रेड पार्टनर है। चंद्रा का काम ब्रिटेन के आर्थिक हितों को अमेरिका में आगे बढ़ाना होगा। वरुण चंद्रा एक अनुभवी निवेश बैंकर हैं। उन्होंने 2005 से 2008 तक लेहमन ब्रदर्स में काम किया।

अमेरिका के पावर हाउस ने दिल्ली में डाला डेरा

# ईयू से फाइनल डील की भनक लगते ही ट्रंप के दूतों ने जयशंकर से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच एक बड़े व्यापार समझौते की चर्चाएं अंतिम दौर में हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने अपने 'पावर हाउस' कहे जाने वाले तीन दिग्गजों को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मिलने भेजा। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब वाशिंगटन और नई दिल्ली के रिश्ते एक नाजुक मोड़ पर हैं।

अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगा रखा है। इस तनाव के बीच, ट्रंप प्रशासन के करीबी राजदूत सर्जियो गोर की अगुवाई में माइक रोजर्स, एडम स्मिथ और जिमी पैट्रोनिस का भारत आना यह बताता है कि अमेरिका, भारत को अपने पाले से दूर नहीं जाने देना चाहता।

एचएएससी के चेयरमैनमाइक रोजर्स का भारत आना यह संकेत है कि भले ही ट्रेड को लेकर दोनों देशों में झगड़ा हो, लेकिन डिफेंस के मामले में अमेरिका भारत को नाराज नहीं कर सकता। भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन (जीई-414), ड्रोन्स और सेमीकंडक्टर को लेकर जो समझौते हुए हैं, उन्हें संसद से मंजूरी दिलाने में रोजर्स की भूमिका अहम है।


विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

### मुलाकात की खास टाइमिंग

भारत और ईयू के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लगभग फाइनल होने वाला है। अगर यह हो जाता है, तो जर्मन और फ्रेंच कंपनियों को भारत के विशाल बाजार में बिना टैक्स के एंट्री मिल जाएगी, जबकि अमेरिकी कंपनियों को भारी टैक्स देना होगा। अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि उसकी कंपनियां जैसे फोर्ड, टेस्ला या एप्पल यूरोपियन कंपनियों से पिछड़ जाएं। माइक रोजर्स और उनकी टीम का उद्देश्य यह टटोलना था कि भारत-ईयू डील कितनी आगे बढ़ी है और अमेरिका इसमें कहां फिट बैठता है।

## ये हैं ट्रंप के तीन खास दूत

### माइक रोजर्स: डिफेंस डील में महारथ



अलाअबामा से रिपब्लिकन सांसद माइक रोजर्स अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों में से एक हैं। वे 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' (एचएएससी) के चेयरमैन हैं। अमेरिकी सेना को कब, कहां और कितना पैसा मिलेगा, यह माइक रोजर्स तय करते हैं। पेंटागन का बजट उनकी कलम से होकर गुजरता है।

### एडम स्मिथ: विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा



वाशिंगटन राज्य से डेमोक्रेटिक सांसद एडम स्मिथ, 'हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी' में 'रैंकिंग मेंबर' हैं। इसका मतलब है कि वे इस कमेटी में विपक्ष (डेमोक्रेट्स) के सबसे बड़े नेता हैं। इससे पहले वे इस कमेटी के चेयरमैन रह चुके हैं। रक्षा मामलों में उनकी पकड़ उतनी ही मजबूत है जितनी माइक रोजर्स की। इनका अपना ओहदा है।

### जिमी: ट्रंप के फायदा नुकसान बताने वाले



जिमी पैट्रोनिस फ्लोरिडा राज्य के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर हैं। हालांकि वे सांसद नहीं हैं, लेकिन डेलिगेशन में उनकी मौजूदगी सबसे दिलचस्प है। वे फ्लोरिडा से आते हैं, जो डोनाल्ड ट्रंप का गृह राज्य है। वे ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं और रिपब्लिकन पार्टी के बिजनेस विंग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### टैरिफ वार का शॉक एब्जॉर्बर

*डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाकर एक तरह से आर्थिक युद्ध का ऐलान किया है। इसके जवाब में भारत ने भी कड़े तेवर दिखाए हैं। इतिहास गवाह है कि जब-जब अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के खिलाफ सख्त होते हैं, तब-तब वहां की संसद रिश्तों को बचाने के लिए आगे आती है। यह डेलिगेशन एक 'शॉक एब्जॉर्बर' की तरह काम कर रहा है। उनका संदेश है- व्हाइट हाउस के फैसलों से घबराइए मत, अमेरिकी संसद अभी भी भारत को एक दीर्घकालिक साझेदार मानती है।रूस-यूक्रेन का पेचः जयशंकर के साथ बातचीत में यूक्रेन का मुद्दा भी उठा।*

चार दिवसीय यात्रा पर भारत आईं हैं डेर

# भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन शनिवार को राजकीय यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचीं, जहां वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका स्वागत किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है।

### महत्वपूर्ण डील होने की मुख्य वजह

- *यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा 'गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर' (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ। अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।*
- *वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ-आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का 'अगला चरण' बताया।*

### दो और महत्वपूर्ण समझौतों की उम्मीद

*रक्षा साझेदारी: दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।*
*नौकरी और मोबिलिटी: भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक 'मोबिलिटी फ्रेमवर्क' तैयार किया जाएगा।*

ईरान-अमेरिका के बीच कम नहीं हो रहा तनाव

# टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बाद बंकर में छिपे खामेनेई

एजेंसी ▶▶ तेहरान



मिडिल ईस्ट में युद्ध के बादल गहराते जा रहे हैं। अमेरिका द्वारा ईरान की घेराबंदी और घातक टॉमहॉक मिसाइलों की तैनाती के बीच खबर है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सुरक्षा कारणों से 'अंडरग्राउंड' हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, उन्होंने तेहरान स्थित एक विशेष सुरक्षित बंकर में शरण ली है। पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने अरब सागर में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है। विमानवाहक पोत 'अब्राहम लिंकन' की अगुवाई में एक परमाणु पनडुब्बी तैनात की गई है, जो लगभग 150 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से लैस है। इसके साथ ही फाइटर स्क्वाड्रन और विध्वंसक जहाजों ने ईरान के रणनीतिक क्षेत्रों को निशाने पर ले लिया है।

खामेनेई के बंकर में जाने के साथ ही ईरान में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं। अपुष्ट खबरों के अनुसार, खामेनेई ने अपने तीसरे बेटे को सत्ता का संचालन सौंपा है। हालांकि, ईरानी सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

### ईरान ने दी धमकी.. कहा मिसाइलें तैयार हैं

लेकिन 'इरान इंटरनेशनल' जैसे संगठनों का दावा है कि यह कदम संभावित अमेरिकी हमले के डर से उठाया गया है। ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उनकी मिसाइल क्षमता अब पहले से कहीं अधिक मजबूत है। ब्रिगेडियर जनरल रेजा तलई-निक के अनुसार, ईरान ने अपनी रक्षा प्रणालियों और घरेलू मिसाइल उत्पादन में भारी इजाफा किया है।

**पीएम मार्क** कार्नी ने दिया 'आत्मनिर्भरता' का मंत्र

*वीडियो जारी कर दिया संदेश*

# ट्रंप के टैरिफ की धमकी पर कनाडा का पलटवार

एजेंसी ▶▶ ओटावा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापारिक युद्ध छिड़ गया है। ट्रंप ने कनाडा को चेतावनी दी है कि यदि उसने चीन के साथ कोई भी ट्रेड डील साइन की, तो अमेरिका कनाडाई सामानों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देगा।

इस पर 'बाय कैनेडियन' नीति पर जोर दिया। ट्रंप की धमकी के बाद प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने वीडियो संदेश जारी कर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था को बाहरी खतरा है। कार्नी ने नई 'बाय कैनेडियन' नीति की घोषणा करते हुए नागरिकों से स्थानीय उत्पादों को खरीदने की अपील की। कार्नी ने स्पष्ट किया कि कनाडा अब स्टील, एल्युमिनियम और तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर बनने और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए घरेलू निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

बर्फबारी ने आम लोगों की बढ़ा दी मुसीबतें

# देहरादून से सटे पहाड़ी इलाकों में 'बर्फ का कर्फ्यू', स्नोफॉल ने बढ़ाई खूबसूरती

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चकराता के ऊंचे इलाकों ने सफेद चादर ओढ़ ली है। लोखंडी और आसपास के क्षेत्रों में कुदरत का ऐसा 'सफेद कहर' बरपा है कि पूरा इलाका मानो हिमयुग में तब्दील हो गया हो। ताजा बर्फबारी के बाद लोखंडी, कोटी कनासर और मोईलाटोप जैसे क्षेत्रों में 3 से 4 फीट तक मोटी बर्फ की परत जम गई है, जिससे चारों ओर सिर्फ सन्नाटा और सफेदी नजर आ रही है। लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।



एक तरह से 'बर्फ का कर्फ्यू' लगा हुआ है। भारी बर्फबारी के कारण चकराता के ऊंचाई वाले इलाकों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है। सड़कें, पेड़ और वाहन सब बर्फ के आगोश में हैं। स्थानीय लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं और दैनिक जरूरतों के सामान की किल्लत होने लगी है।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर है और नजर रख रहा है

जो बर्फबारी कल तक पर्यटकों के लिए आकर्षण थी, वह अब स्थानीय निवासियों के लिए आफत बन चुकी है। हालांकि प्रशासन अलर्ट मोड पर है, लेकिन मौसम के तेवर देखते हुए चुनौतियां कम होती नहीं दिख रही हैं। पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी स्थिति गंभीर है। वहां भारी बर्फबारी के चलते 2 नेशनल हाईवे समेत 680 से अधिक सड़कें बंद हैं।

## भारत और अमेरिका रक्षा साझेदारी पर पहले ही समझौता भी कर चुके हैं

भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया

# अमेरिकी सेना सचिव और भारतीय सेनाध्यक्ष की मुलाकात, आर्मी-टू-आर्मी सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूएस सेक्रेटरी ऑफ द आर्मी (अमेरिकी सेना सचिव) डैनियल पी. ड्रिस्कॉल व भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई है। इस उच्चस्तरीय बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, मिलिट्री-टू-मिलिट्री सहभागिता को और गहन करने तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति दोनों सेनाओं की साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने पर व्यापक चर्चा की गई।बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी से संबंधित कई विषयों पर बातचीत की। भविष्य में सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया।



दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यासों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पेशेवर आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण तथा आपसी समन्वय को और प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विशेष जोर देते रहे हैं। अब सेना प्रमुख व अमेरिकी सेक्रेटरी ऑफ द आर्मी की यह मुलाकात दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह मुलाकात साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के प्रति समान दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत और अमेरिका रक्षा साझेदारी पर एक ऐतिहासिक समझौता भी कर चुके हैं। कुछ महीने पहले भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ से मुलाकात के दौरान 10 वर्षीय 'फ्रेमवर्क फॉर द यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप' पर हस्ताक्षर किए थे। रक्षा मंत्री ने कुआलालंपुर में अपने अमेरिकी समकक्ष पीटर हेगसेथ के साथ यह महत्वपूर्ण बैठक व समझौता किया था। इसके तहत दोनों देशों ने 10 वर्षों के लिए 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर किए थे।

इसके बाद भारत व अमेरिका के बीच 22वीं मिलिट्री कोऑपरेशन ग्रुप की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में इस समझौते से जुड़े विषयों पर आगे की चर्चा हुई। इसमें रक्षा सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और संयुक्त प्रशिक्षण जैसे विषय शामिल थे।

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में क्षमता निर्माण के नए अवसरों पर मंथन

*वहीं, बीते दिनों भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी अमेरिका यात्रा पर गए थे। यहां उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में क्षमता निर्माण के नए अवसरों पर भी विचार किया था। एडमिरल त्रिपाठी की इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय नौसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना के बीच पहले से प्रगाढ़ और सुदृढ़ समुद्री साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाना था। वहीं, बीते नवंबर महीने में ही भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायुसेना के बीच एक बेहद महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वायु अभ्यास को अंजाम दिया गया था। दोनों देशों के इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतर संचालन क्षमता को बढ़ाना था।*

*कनाडा में भारतीय मूल के युवक की हत्या*

# बीच सड़क पर मारी गई गोली पुलिस को गैंगवार का है शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा में भारतीय मूल के युवक दिलराज सिंह गिल की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि यह हत्या टारगेटेड गैंग वॉर का नतीजा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि गिल पुलिस के लिए जाना-पहचाना था।

पुलिस ने शनिवार को इस युवक की पहचान वैंकूवर निवासी दिलराज सिंह गिल के रूप में बताई, जो कि भारतीय मूल का निवासी था। बर्नाबी आरसीएमपी के फ्रंटलाइन अधिकारियों ने कनाडा में 3700 ब्लॉक के पास गोलीबारी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो उन्हें एक पीड़ित मिला। पुलिस ने बताया, 'हमने उसकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद उस युवक की जान नहीं बच पाई। अधिकारियों ने आगे बताया, इस घटना के तुरंत बाद बक्सटन स्ट्रीट के 5000 ब्लॉक में एक गाड़ी में आग लगी हुई मिली।





# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

## लाइफStyle



# मौनी
## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला



### लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर
# बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

## टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की।



फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।

# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में
## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां



**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।

***मुल्क :*** ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15 :*** अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम :*** साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन :** साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई
# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

*नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।



### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।

### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

# ट्रंप के टैरिफ से भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को भारी नुकसान, बंद हो जाएंगी फैक्ट्रियां

## अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की सरकार से दखल देने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को नुकसान पहुंच रहा है। खासकर, टेक्सटाइल एक्सपोर्ट पर इसके बुरे असर को देखते हुए अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) ने सरकार से यह कहते हुए इसे तुरंत दखल देने की मांग की है कि देरी से प्रोडक्शन में कटौती और फैक्ट्रियां बंद हो जाएंगी।

वाइस-प्रेसिडेंट सीपी राधाकृष्णन को लिखे एक पत्र में अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि अपैरल गारमेंट इंडस्ट्री को सपोर्ट और सही कार्रवाई की सख्त जरूरत है। यदि समय रहते सरकार कदम नहीं

### अमेरिका भारतीय कपड़ों का बड़ा बाजार

अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल और अपैरल का बहुत बड़ा बाजार है। कारोबारी साल 2024-25 में अमेरिका के लिए भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 36.61 अरब डॉलर का रहा। ऐसे में ट्रंप के लगाए गए टैरिफ से टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एईपीसी के चेयरमैन ने कहा है कि देश के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट को बचाने के लिए भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ के मुद्दों को तुरंत सुलझाने की जरूरत है। कई बड़े भारतीय टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार उनके टोटल एक्सपोर्ट का लगभग 70 प्रतिशत है।



### नुकसान उठाने की और क्षमता नहीं

काउंसिल ने कहा कि 25 परसेंट डिस्काउंट के बाद भी टैरिफ का बोझ उठाना कमर्शियली नामुमकिन है और लागत को खरीदारों पर डालना भी सही नहीं है। काउंसिल ने भारत-अमेरिका व्यापार संधि को तुरंत खत्म करने की सिफारिश की है। इसमें कहा गया है, 'टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने एक्सपोर्ट और रोजगार की रक्षा के लिए राष्ट्रीय हित में पहले ही काफी नुकसान उठाया है। अब और नुकसान सहने की क्षमता नहीं है। 3-6 महीने की देरी से भी एक रणनीतिक एक्सपोर्ट सेक्टर को स्थायी नुकसान हो सकता है।'

उठाती है तो कई गारमेंट कंपनियां भारत की बंद हो सकता है। लेटर में यह भी कहा गया, 'हाल ही में अमेरिका की तरफ से आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल से जुड़ी 25 प्रतिशत की एक्स्ट्रा पेनल्टी लगाने से भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट में, खासकर अमेरिका में, जो भारत का सबसे बड़ा सिंगल एक्सपोर्ट मार्केट है, गंभीर रुकावट आ रही है।'

### ऑर्डर रुकने व नौकरियां जाने का खतरा

इसमें कहा गया कि अगर तुरंत इसका हल नहीं निकला, तो इस सेक्टर को ऑर्डर रुकने, नौकरियां जाने और मार्केट शेयर का परमानेंट नुकसान हो सकता है।

---

## खबर संक्षेप



### एचसीएल टेक फिनर्जिक का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक ने कहा कि वह सिंगापुर स्थित आईटी सेवा एवं परामर्श कंपनी फिनर्जिक सॉल्यूशंस का 1.9 करोड़ सिंगापुर डॉलर (लगभग 136 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण वित्तीय सेवाओं, खासकर मुख्य बैंकिंग एवं संपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के रणनीतिक प्रयास से मेल खाता है। एचसीएल टेक ने एक बयान में कहा कि अधिग्रहण समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं और यह लेनदेन 30 अप्रैल, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### करूर वैश्य बैंक के लाभ में 39 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 39 प्रतिशत बढ़कर 690 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 496 करोड़ रुपये था। बैंक ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 14.62 प्रतिशत बढ़कर 1,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,081 करोड़ रुपये थी। ऋणों में 17 प्रतिशत की वृद्धि से आय को समर्थन मिला।

### श्रीराम फाइनेंस के लाभ में 22 फीसदी की गिरावट

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 2,530 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले साल की इसी तिमाही में 3,249 करोड़ रुपये और पिछली तिमाही (सितंबर तिमाही) में 2,314 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का तीसरी तिमाही का एकल आधार पर शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 3,570 करोड़ रुपये से घटकर 2,522 करोड़ रुपये रह गया।

### रिफाइनिंग मार्जिन बढ़ने से बीपीसीएल का लाभ उछला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 62 प्रतिशत उछलकर 7,545.27 करोड़ रुपये रहा।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण तेल शोधन मार्जिन (रिफाइनिंग मार्जिन) में हुए सुधार से कंपनी के मुनाफे में यह बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। एक बैरल कच्चे तेल को खरीदकर उसे पेट्रोल-डीजल जैसे उत्पादों में बदलने के बाद जो शुद्ध कमाई बचती है, उसे तेल शोधन मार्जिन कहते हैं।

### हिंदुस्तान कॉपर मप्र में बोलीदाता बनी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) मध्यप्रदेश के सीधी जिले में स्थित बाघवारी-खिरखोरी तांबा और संबंधित खनिज ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता बनकर उभरी है। कंपनी ने फॉरवर्ड ई-नीलामी में उच्चतम अंतिम मूल्य की बोली लगाकर यह सफलता हासिल की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि खनन पट्टे को शामिल करने वाले कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी 22 जनवरी को सफलतापूर्वक पूरी हुई, जिसकी सूचना शनिवार को मिली।

---

### अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता

# भारत-यूरोपीय संघ कल वार्ता पूरी होने की करेगा घोषणा, 18 साल का इंतजार होगा खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। एक अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है।

- इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी

18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी।

**खास बातें**

- समझौते का उद्देश्य आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना
- समझौते को यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी




### भारत उच्च शुल्क का सामना कर रहा

भारत वर्तमान में वहां 50 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क का सामना कर रहा है। माना जा रहा है कि यह एफटीए भारतीय निर्यातकों को अपने बाजार विविधीकरण और चीन पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा। भारत इस समझौते के जरिए अपने कपड़ा, चमड़ा और हथकरघा जैसे क्षेत्रों के लिए शुन्य-शुल्क बाजार पहुंच की तलाश में है।

### यूरोपीय संघ भारतीय बाजार में पहुंच चाहता है

दूसरी ओर, यूरोपीय संघ अपने ऑटोमोबाइल निर्यात, वाइन और हाई-टेक विनिर्माण क्षेत्रों के लिए भारतीय बाजार में अधिक पहुंच चाहता है। संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को फिलहाल इस समझौते से बाहर रखा गया है ताकि छोटे और सीमांत किसानों के हितों की रक्षा की जा सके। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

### आयोग की अध्यक्ष पहुंची भारत

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं। वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगी। हालांकि वार्ता पूरी होने की घोषणा इसी सप्ताह हो जाएगी, लेकिन मसौदे की कानूनी समीक्षा के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

### भारत में समझौते पर कैबिनेट की मुहर जरूरी होगी

इसके क्रियान्वयन में थोड़ा समय लग सकता है क्योंकि इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी, जबकि भारत में इसे केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की अनुमति चाहिए। इस समझौते के तहत दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाली 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर आयात शुल्क को कम या समाप्त करेंगे।

### कपड़ा और फुटवियर के उत्पादों पर शुल्क समाप्त हो सकता है

कपड़ा और फुटवियर जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के उत्पादों पर शुल्क पहले ही दिन से समाप्त हो सकता है, जबकि कुछ अन्य वस्तुओं पर इसे पांच से दस वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

---

# अगले वित्त वर्ष में नरम पड़ सकती है 'लक्जरी' घरों की मांग: सर्वेक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के प्रमुख शहरों में 'लक्जरी' घरों की मांग और कीमतों में अगले वित्त वर्ष (2026-27) के दौरान कुछ नरमी देखने को मिल सकती है। संपत्ति सलाहकार 'इंडिया सोदबी इंटरनेशनल रियलिटी' (आईएसआईआर) के एक ताजा सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत अमीर उत्तरदाताओं ने इस ओर इशारा किया है।

- संपत्ति सलाहकार आईएसआईआर ने जारी की रिपोर्ट

आईएसआईआर ने भारत की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं, निवेश रणनीतियों और लक्जरी आवासीय बाजार के प्रति नजरिया जानने के लिए लगभग 700 उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और अत्यधिक उच्च निवल संपत्ति वाले व्यक्तियों (यूएचएनआई) के बीच यह सर्वेक्षण किया है। रविवार को जारी रिपोर्ट 'द इंडिया लक्जरी रेजिडेंशियल आउटलुक 2026' के अनुसार, वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद 67 प्रतिशत अमीर भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को लेकर आश्वस्त हैं। आर्थिक परिदृश्य की बात करें तो 72 प्रतिशत



### शहरों में लक्जरी आवास का बाजार शानदार रहा

आईएसआईआर के प्रबंध निदेशक अमित गोयल ने कहा कि 2025 में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, गोवा और अलीबाग जैसे प्रमुख शहरों में लक्जरी आवासीय बाजार का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने बताया कि अब स्थापित व्यावसायिक घरानों के साथ-साथ स्टार्टअप संस्थापकों, नयी पीढ़ी के उद्यमियों और वरिष्ठ पेशेवरों जैसे 'नए धन सृजनकर्ताओं' ने भी बाजार में कदम रखा है।

उत्तरदाताओं का मानना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6-7 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। जब सर्वेक्षण में यह पूछा गया कि क्या लक्जरी आवासीय बाजार की वर्तमान मजबूती 2026-27 में कम होगी, तो 56 प्रतिशत ने 'हां' में उत्तर दिया।

---

# भारत का तेल आयात के लिए फिर से अरब देशों की ओर रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने कच्चे तेल के आयात की रणनीति में बदलाव करते हुए कम जोखिम वाली आपूर्ति पर जोर दिया है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस से आपूर्ति भी बनी हुई है।

- कच्चे तेल के आयात रणनीति में किया बदलाव

विश्लेषण फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार जनवरी के पहले तीन हफ्तों में रूसी कच्चे तेल का आयात गिरकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जो पिछले महीने औसतन 12.1 लाख बैरल प्रतिदिन और मध्य 2025 में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से थोड़ा अधिक था। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 90 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। केप्लर के आंकड़ों के अनुसार इराक अब रूस के बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जबकि दिसंबर 2025 में यह औसतन 9,04,000 बैरल प्रतिदिन था। सऊदी अरब से आने वाली मात्रा भी इस महीने बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गई है, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रतिदिन थी। रूस 2022 में इराक को पीछे छोड़कर भारत का शीर्ष आपूर्तिकर्ता बन गया था, जब भारतीय रिफाइनरी ने भारी छूट वाले रूसी तेल को खरीदने के लिए तेजी दिखाई थी।




### पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ी

केप्लर के शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''जनवरी 2026 में भारत की कच्चे तेल की खरीद कम जोखिम वाली और अधिक विश्वसनीय आपूर्ति की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाती है। इसमें पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी बढ़ रही है, जबकि सीमित मात्रा में रूस का प्रवाह भी बना हुआ है।''

---

# डीसीसीडीएल की किराया आय 18 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ और जीआईसी के संयुक्त उद्यम डीसीसीडीएल की किराया आय दिसंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 1,412 करोड़ रुपये रही। कार्यालय और खुदरा स्थल की मजबूत मांग के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है।



डीएलएफ की ताजा निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, ''डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लिमिटेड (डीसीसीडीएल) की किराया आय पिछले साल इसी अवधि में 1,193 करोड़ रुपये थी। डीएलएफ की डीसीसीडीएल में लगभग 67 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष इक्विटी हिस्सेदारी सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के पास है।'' इस समय डीसीसीडीएल के पास कुल 4.43 करोड़ वर्ग फुट का परिचालन पोर्टफोलियो है, जिसमें प्रमुख कार्यालय और खुदरा स्थल शामिल हैं।

---

# आगामी आम बजट से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महत्वपूर्ण घटनाक्रम से भरे इस सप्ताह में कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर पर फैसले और आगामी आम बजट 2026-27 से शेयर बाजार का रुख तय होगा। गणतंत्र दिवस के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

- कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे प्रभावित करेंगे बाजार

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधि, रुपया-डॉलर का रुख और वैश्विक व्यापार से संबंधित घटनाक्रम भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारकों से भरा हुआ है। घरेलू मोर्चे पर बाजार औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, आम बजट से जुड़े राजकोषीय संकेतकों और साप्ताहिक विदेशी मुद्रा भंडार पर नजर रखेंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी नजर रहेगी, जिसमें एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, आईटीसी, एनटीपीसी और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे।'' उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे घटनाक्रमों पर रहेगा।



### रुपए के अवमूल्यन से अनिश्चितता बढ़ी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एफपीआई ने 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में अपनी बिकवाली न केवल जारी रखी, बल्कि इसकी तीव्रता भी बढ़ा दी। रुपये के निरंतर अवमूल्यन, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता और अब तक के सामान्य तिमाही नतीजों के कारण बाजार की धारणा बहुत कमजोर रही है।''

---

# बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण पिछले सप्ताह शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,032.65 अंक या 2.43 प्रतिशत टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई और मंदड़िए पूरी तरह हावी रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों, निरंतर एफआईआई की निकासी, रुपये के गिरते मूल्य और सामान्य कॉरपोरेट नतीजों ने पूरे सप्ताह दबाव बनाए रखा।'' रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल सहित शीर्ष 10 में नौ सबसे मूल्यवान कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 2,51,711.6 करोड़ रुपये घट गया।



---

# आरबीआई बैंकों में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की नकदी डालेगा




एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह कई माध्यमों से बैंकिंग प्रणाली में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की नकदी डालेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'मौजूदा नकदी और वित्तीय स्थितियों की समीक्षा के बाद रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में नकदी डालने का निर्णय लिया है।' इन उपायों में 30 जनवरी, 2026 को आयोजित की जाने वाली 25,000 करोड़ रुपये की राशि के लिए 90 दिवसीय वेरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी और चार फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाली तीन साल की अवधि के लिए 10 अरब डॉलर यानी 91,000 करोड़ रुपये की ''अमेरिकी डॉलर / भारतीय रुपया खरीद-बिक्री अदला-बदली नीलामी शामिल है।

- केंद्रीय बैंक सरकार बांड की खरीदी भी करेगा

### 5 व 12 फरवरी को बांड खरीदे जाएंगे

बयान के अनुसार केंद्रीय बैंक खुले बाजार के परिचालन (ओएमओ) मार्ग के तहत कुल एक लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीद भी करेगा। बयान के मुताबिक इसके तहत पांच फरवरी और 12 फरवरी को 50-50 हजार करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि प्रत्येक उपाय के लिए विस्तृत निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

---

### पेय पदार्थ उद्योग ने फैसले का किया स्वागत

# एल्युमीनियम कैन पर बीआईएस मानदंडों की समयसीमा बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदार्थ उद्योग में उपयोग किए जाने वाले एल्युमीनियम कैन के लिए अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों (क्यूसीओ) को लागू करने की समयसीमा बढ़ा दी है। इस कदम से कोला बनाने वाली कंपनियों से लेकर बीयर निर्माताओं तक, सभी अल्कोहल युक्त और गैर-अल्कोहल पेय निर्माताओं को बड़ी राहत मिली है। पेय पदार्थ निर्माताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि समयसीमा बढ़ने से गर्मियों के दौरान बढ़ने वाली मांग को पूरा करने और आपूर्ति के अंतर को पाटने में मदद मिलेगी।

- समय सीमा बढ़ने से गर्मी में बढ़ने वाली मांग पूरी करने में मिलेगी मदद



### सूक्ष्म उद्यमों के लिए अप्रैल 2027 से होगा लागू

कुकवेयर, बर्तन और खाद्य-पेय पदार्थ कैन (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2026' को अब बड़े उद्योगों के लिए अक्टूबर 2026 से, छोटी इकाइयों के लिए जनवरी 2027 से और सूक्ष्म उद्यमों के लिए अप्रैल 2027 से लागू किया जाएगा।

### मानक चिन्ह प्राप्त करना होगा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 15 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार, इन वस्तुओं को संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप होना चाहिए और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से लाइसेंस के तहत 'मानक चिह्न' प्राप्त करना होगा। यह विस्तार उन खाद्य कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होने की संभावना है जो प्रीमियम खाद्य पदार्थों के लिए इसी तरह की कैन पैकेजिंग का उपयोग करती हैं। पेय पदार्थ उद्योग, जो आमतौर पर गर्मियों की मांग को देखते हुए मध्य जनवरी से स्टॉक करना शुरू कर देता है, उसे आपूर्ति बाधित होने के कारण बिक्री में गिरावट की आशंका थी।

### कांच की जगह धात्विक कैन पसंद

यह राहत ऐसे समय में आई है जब धात्विक कैन में पेय पदार्थों की खपत तेजी से बढ़ रही है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी पारंपरिक कांच की बोतलों के बजाय इन्हें अधिक पसंद कर रही है। समयसीमा में इस विस्तार को मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने और व्यस्त सीजन के दौरान पेय पदार्थ निर्माताओं की निर्बाध वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### बेहतर तैयारी करने में मदद करेगा

ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के महानिदेशक विनोद गिरी ने इस फैसले को समय पर लिया गया कदम बताते हुए कहा, ''यह कदम अल्कोहल पेय कंपनियों को आगामी गर्मियों के सीजन के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद करेगा, जब बीयर और सॉफ्ट ड्रिंक्स की मांग काफी बढ़ जाती है।''

## मैपिंग होने के बाद भी पेश करना पड़ेंगे दस्तावेज, पहली बार बड़ी तादाद में लगाईं आपत्तियां

# नो मैपिंग मतदाताओं के साथ होगी आपत्ति वाले सात हजार वोटर्स मामले की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में 22 साल बाद हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मतदाताओं को वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में खुद और पिता के नाम खोजना पड़ा था। लोग ड्राफ्ट रोल में नाम आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन दावे-आपत्तियों के आखिरी दो दिनों में अचानक से 7 हजार से अधिक आपत्तियां पेश कर दी गईं। अब इन मतदाताओं को एसआईआर की फाइनल लिस्ट में नाम बरकरार रखने के लिए वेरिफिकेशन के साथ दस्तावेज भी पेश करना पड़ेंगे।

जिसके बाद ही इन मतदाताओं का नाम फाइनल लिस्ट में बचेगा। इधर जिले के एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई पहले से जारी है। जिसकी सुनवाई 14 फरवरी तक की जाएगी। आपत्तियों का निराकरण भी इसके साथ ही किया जाएगा।

### नरेला में आई सबसे ज्यादा 4843 आपत्तियां

#### एक लाख 7 हजार वोटर्स को मिलेंगे नए कार्ड



फाइल फोटो।

*जिले की सात विस में एक महीने चले दावे-आपत्ति और नए जोड़ने के काम के दौरान नए आवेदन की संख्या 66 हजार 231 है, जबकि नाम संशोधन वाले 41 हजार 116 मतदाता हैं। ऐसे में एक लाख 7 हजार 347 मतदाताओं को नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। इन मतदाताओं को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के अगले तीन महीने में कार्ड स्पीड पोस्ट से घर भेजा जाएगा।*

#### ये है स्थिति

| विस | आपत्तियां | नो मैपिंग |
|---|---|---|
| उत्तर | 233 | 10080 |
| नरेला | 4843 | 23790 |
| दक्षिण पश्चिम | 465 | 16596 |
| मध्य | 253 | 10088 |
| गोविंदपुरा | 518 | 30188 |
| हुजूर | 598 | 24049 |
| कुल | 7308 | 116925 |

#### आपत्तियां आने के बाद इन मतदाताओं का भी फिजिकल वेरिफिकेशन करने के साथ मांगे जा सकते हैं दस्तावेज

38 हजार 317 नाम काटे गए हैं। जिससे विधानसभाओं में मतदाताओं की तादाद खासी कम हो गई है। अब आपत्तियां आने के बाद इन मतदाताओं का भी फिजिकल वेरिफिकेशन करने के साथ दस्तावेज भी मांगे जा सकते हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक कर लिया जाएगा। नो मैपिंग वाले मतदाताओं के साथ ही इनका निपटारा भी किया जाएगा।

### आधी रात को मंदिर के पिछले दरवाजे को तोड़ा

## प्रख्यात दंतेश्वरी शक्तिपीठ में सोने के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में स्थित दंतेश्वरी शक्तिपीठ में चोरी का मामला सामने आया है। दंतेश्वरी माता को बस्तर की आराध्य देवी माना जाता है। दंतेश्वरी माता मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में गुस्सा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

दंतेश्वरी माता मंदिर में चोरी रात करीब 1.30 बजे की गई है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे पुजारी ने मंदिर के गेट बंद किए थे। इसके बाद चोरों ने मंदिर के पीछे बने दरवाजे को तोड़ दिया और मंदिर परिसर में पहुंचे। चोरों ने मंदिर में स्थापित मां की प्रतिमा से सोने के आभूषण चोरी किए हैं। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोर ने मंदिर के पीछे बने दरवाजे से मंदिर में दाखिल हुए थे। माता की प्रतिमा से सोने का हार, सोने का लाकेट लगी चांदी की चेन समेत लगभग चार तोला सोना चोरी कर लिया। मंदिर से चोरी किए गए आभूषणों की कीमत करीब 6.50 लाख रुपये बताई गई है। शनिवार सुबह पुजारी पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। जब पुजारी ने अंदर जाकर देखा तो मां की प्रतिमा से आभूषण गायब थे। जिसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई है। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की घटना कैद हो गई है। करीब 10 मिनट तक मंदिर में रहा चोर सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चोर मंदिर के भीतर करीब दस मिनट तक रहा। इसके बाद आभूषण समेटकर पीछे के रास्ते से निकल गया। मंदिर से निकलने के बाद चोर बेखौफ होकर शहर की गलियों में घूमता हुआ रेलवे स्टेशन पहुंचा।

### खबर संक्षेप

#### राजेश मिश्रा बने ट्रेड यूनियन राज्य सचिव



**भोपाल।** भारतीय जनता मज़दूर ट्रेड यूनियन काउंसिल की राष्ट्रीय समिति ने भोपाल निवासी राजेश मिश्रा को मध्यप्रदेश का राज्य सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय समिति द्वारा जारी कर दिया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नियुक्ति के साथ ही राजेश मिश्रा को प्रदेश भर में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र से जुड़े मजदूर संगठनों के पंजीयन, विस्तार एवं सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी, मौत

**रायगढ़।** जिले में बीती रात अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काम करके पैदल घर लौट रहे एक ग्रामीण को अपनी चपेट में लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खम्हार गांव के बजारडांड़ पारा के पास बीती रात 8 बजे के आसपास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काम करके पैदल अपने घर लौट रहे ललित विश्वकर्मा निवासी ऊंकाडांड़ को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों के अलावा गांववालों में कोहराम मच गया।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद भी 6 वर्षों तक अपने पद पर बने रहे

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र से नौकरी हासिल की पदोन्नति भी ली, अब जाकर खुला मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

वाणिज्यिक कर विभाग इंदौर में एक अनुविभागीय अधिकारी के फर्जी अनुसूचित जनजाति (एसटी) के प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने व पदोन्नति तक लेने का खुलासा हुआ है। इससे राज्य शासन को लाखों रुपए की क्षति संभावित है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित छानबीन समिति ने लगातार छह साल तक जांच करने के बाद वर्ष 2019 में वाणिज्यिक कर विभाग के सहायक वाणिज्य कर अधिकारी जयकुमार वर्मा का प्रमाण पत्र निरस्त करने का निर्णय लिया था। जाति प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद भी वर्मा पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। करीब 6 वर्षो तक मामला दबे रहने के बाद अब एक बार फिर से मामला उठ गया है।

अनुसूचित जनजाति विभाग की छानबीन समिति के इस निर्णय के बावजूद जयकुमार वर्मा लगातार अपने पद पर बने हुए हैं। उनके खिलाफ तमाम शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि उस वक्त तत्कालीन अधिकारियों को कई बार शिकायतें की गई। पर मामला किन्हीं कारणों से दबता रहा। अब एक बार फिर से वाणिज्यिक कर विभाग को शिकायत भेजकर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। सूत्रों ने बताया कि वर्मा ने जनजातीय विभाग से सांठगांठ कर मामले को वहीं दबवा दिया। इस वजह से छानबीन समिति की रिपोर्ट वाणिज्यिक कर विभाग तक पहुंची ही नहीं। कुछ शिकायतकर्ताओं ने निर्णय पहुंचाया भी, पर उसे नजरअंदाज कर दिया गया और कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### जीएडी के सर्कुलर में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सेवाएं समाप्त




फाइल फोटो।

#### वेबसाइट पर भी प्रसारित नहीं होते आदेश

गड़बड़ी का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जनजातीय कल्याण विभाग ने 2017 में एक नियम बनाया था कि छानबीन समिति के निर्णय वेबसाइट पर भी दिए जाए, ताकि संबंधित लोग उसे देख सकें और कार्रवाई करें। किंतु उसी समय की तत्कालीन आयुक्त ने इसे बंद करा दिया। इसके बाद निर्णय की जानकारी मिलना बंद हो गई। कई मामलों में यह बात सामने आई कि विभागीय अधिकारियों ने मिलीभगत करके मामले को संबंधित विभाग तक को नहीं भेजा। यहां तक कि आदेश डिस्पैच होकर पहुंची ही नहीं, इससे कार्रवाई नहीं हुई। कई शासकीय सेवक फर्जी जातिप्रमाणपत्र से पूरे समय नौकरी करने के बाद सेवानिवृत्त भी हो गए।

#### वर्मा का यह है पूरा मामला

वाणिज्यिक कर अधिकारी जयकुमार वर्मा ने वर्ष 2005 में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का प्रमाण पत्र महू जिला इंदौर से प्राप्त किया। इसके बाद वर्ष 2006 में वाणिज्यिक कर विभाग में निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। वर्ष 2011 में सहायक वाणिज्य कर अधिकारी के रूप में पदोन्नत हो गए। वर्मा के खिलाफ 2013 में एक शिकायती पत्र मप्र अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग को प्राप्त हुआ। विभाग ने इसे उच्च स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष रखा। समिति ने वर्मा को सुनवाई का पूर्ण अवसर देते हुए यह पाया कि राज जाति संविधान के मप्र राज्य के लिए अनुसूचित जन जाति की सूची में नहीं आती। इसके परिणाम स्वरुप छानबीन समिति ने वर्मा का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया। इस संबंध में वर्मा ने न्यायालय से कोई भी स्थगन प्राप्त नहीं किया।

#### सैकड़ों मामले पेंडिंग

उच्च स्तरीय छानबीन समिति के पास 400 से अधिक मामले पेंडिंग हैं। ऐसे में वे नहीं बता पाएंगे की छह साल पहले किसका आदेश हुआ है।

**सुधीर जैन** एडिशनल डायरेक्टर जनजातीय कल्याण विभाग मप्र

#### अभी ज्वॉइन किया

अभी एक दिन पहले ही ज्वाइन किया है, इस वजह से इस मामले में वे कोई भी जानकारी नहीं दे पाएंगे।

**अनय द्विवेदी** आयुक्तवाणिज्यिक कर विभाग, मप्र

#### जीएडी की 28 सालों से नहीं हुई बैठक

सबसे दिलचस्प यह है कि छानबीन समिति के निर्णयों पर कार्रवाई कराने का जिम्मा सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को है। इसे लेकर 1998 में ही अपर मुख्य सचिव की अयक्षता में एक कमेटी बनी थी, किंतु पिछले 28 वर्षो से इस कमेटी की बैठक नहीं हुई। इस वजह से सैकड़ों मामलों में आज तक कार्रवाई हुई या नहीं हुई, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जबकि यह देखने का काम जीएडी को ही है। अफसरों की मनमानी की वजह से पूरे सिस्टम पर पलीता लग रहा है।

### एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष ने तनय शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता के पद पर किया था नियुक्त

## प्रदेश प्रवक्ता की नियुक्ति पर रोक, तनय ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश पर एनएसयूआई मीडिया विभाग के प्रदेश चेयरमैन अंकित पांडे ने 19 जनवरी को एनएसयूआई कार्यकर्ता तनय शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया था। इसके 4 दिन बाद 21 जनवरी को ही एनएसयूआई के राष्ट्रीय स्तर के मीडिया विभाग के चेयरमैन ने नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इससे एनएसयूआई में संगठनात्मक समन्वय को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं।

- संगठनात्मक प्रक्रिया का खुलेआम उल्लंघन

इस मामले में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने तर्क दिया है कि इस नियुक्ति को लेकर एनएसयूआई मप्र के किसी भी पदाधिकारी ने राष्ट्रीय स्तर पर कोई चर्चा अथवा अनुमति नहीं ली थी। यह संगठनात्मक प्रक्रिया का उल्लंघन है। न ही एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी को भरोसे में लिया गया था। इधर, इस मामले में अब तनय शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर रोक लगने पर सवाल खड़े करते हुए एकतरफा निर्णय के आरोप लगाए हैं।

***तनय शर्मा ने आरोप में कहा- प्रभारी नियुक्ति के बाद मध्यप्रदेश नहीं आए, दिल्ली से ही प्रदेश को कर रहे हैं एग्जामिन***

#### जब मैं इनएक्टिव हूं तो एक्टिव कौन है?

तनय शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभारी ने कहा है कि कई लोगों ने मेरी शिकायत की है कि मैं एक्टिव नहीं हूं। जब मैं इनएक्टिव हूं तो एक्टिव कौन है? उनका आरोप है कि वर्तमान प्रभारी जब से नियुक्त हुए हैं, वे मध्यप्रदेश नहीं आए, दिल्ली से ही प्रदेश को एग्जामिन कर रहे हैं। ऐसे में सही निर्णय लेने में भी अनदेखी हो सकती है। मैं एनएसयूआई का कार्यकर्ता हूं, और पूरी तरह सक्रियता के साथ कार्य कर रहा हूं। इसके कई प्रमाण मीडिया से लेकर मैदानी स्तर तक देखे जा सकते हैं। ऐसे में मेरे खिलाफ एक्टिव नहीं रहने की बात मुझे ठीक नहीं लगती है।

### राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

### लॉ एंड ऑर्डर पर रात 10 बजे कमिश्नर शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

# रायपुर में कमिश्नर सिस्टम लागू, डॉ. संजीव शुक्ला ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी में कमिश्नरी सिस्टम लागू कर दिया गया है। रायपुर के पहले कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला पदभार संभालते ही एक्शन मोड में दिखाई दिए। शनिवार रात 10 बजे उन्होंने लॉ एंड ऑर्डर पर सख्ती को लेकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिश्नरी सिस्टम के बारे में जानकारी दी।



#### अपराध नियंत्रण की दिशा में काम के निर्देश

बैठक में कमिश्नर संजीव शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चालान के नाम पर वाहन स्वामियों को जबरन परेशान नहीं किया जाए। कमिश्नर ने शहर की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग की प्राथमिकताओं पर जोर दिया। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सहित सभी डिप्टी पुलिस कमिश्नर, एडिशनल डीसीपी, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर और थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने कहा कि रायपुर कमिश्नरी क्षेत्र में बिना कमिश्वर से अनुमति लिए किसी तरह का धरना प्रदर्शन, रैली आयोजित नहीं की जाएगी। इसके लिए अनुमति लेनी होगी उसके बाद ही ऐसे आयोजन हो सकेंगे।

#### समय पर बंद हों बार, कैफे और रेस्टोरेंट

*कमिश्नर ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए निर्धारित समय के बाद बार, कैफे और रेस्टोरेंट अनिवार्य रूप से बंद कर दिए जाएं। अगर निर्धारित समय के बाद कुछ खुला मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। चाकूबाजी, नशाखोरी और अड्डेबाजी पर सख्त कार्रवाई की जाए। गुंडे और निगरानीशुदा बदमाशों पर कड़ी नजर रखने के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई में किसी तरह की रियायत नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 23 जनवरी से कमिश्नरी सिस्टम लागू किया गया है। कमिश्नरी सिस्टम में राजधानी रायपुर के 21 थानों को शामिल किया गया है। संजीव शुक्ला रायपुर के पहले कमिश्नर नियुक्त किए गए हैं।*

## महिला को अर्धनग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक विधवा महिला को अर्धनग्न कपड़ों में पूरा गांव घुमाया गया है। घटना जिले के रानीझाप गांव की है। महिला का एक शादीशुदा युवक से अफेयर था, जिसके बाद युवक के परिजनों ने महिला की साड़ी उतारी और पूरे गांव में उसे घुमाया। इस दौरान महिला के मुंह पर गोबर भी पोता गया। प्रेमी के परिजनों ने पहले तो महिला को समझाया उसके बाद उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद उसके कपड़े उतारकर पूरे गांव में घुमाया। इस दौरान उसके मुंह में गोबर पोता गया। मामले की शिकायत खोडरी चौकी क्षेत्र में की गई है। ग्रामीणों ने महिला को बचाया जिसके बाद महिला थाने पहुंची और प्रेमी के परिजनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



### शब्द पहेली - 6120



**बाएँ से दाए**
1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

#### शब्द पहेली- 6119 का हल



### सूडोकु नवताल - 6130

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SEMADHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल - 6129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |



# सीधे सेटों में जीते अल्काराज, सबालेंका और गॉफ, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरिना सबालेंका ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने की कोशिश में लगे अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 7-6 (6), 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कनाडा की नंबर 17 विक्टोरिया एमबोको को 6-1, 7-6 (1) से हराया। सबालेंका का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय इवा जोविच से होगा। इस 29वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 53 मिनट में 6-0, 6-1 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। खिताब की एक अन्य दावेदार कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरे वर्ष क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया।

### *अल्काराज ने अपने खेल में किए बदलाव*

*अल्काराज ने अपने खेल में कुछ बदलाव किए, जो इस मैच में कारगर साबित हुए। उन्होंने कोई डबल-फॉल्ट नहीं किया, अपनी पहली सर्विस को 70 प्रतिशत सही जगह पर पहुंचाया और उनमें से 79 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने अपनी दूसरी सर्विस पर भी 68 प्रतिशत अंक जीते।*

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**



### *सबालेंका ने एमबोको को 31 मिनट में हराया*

*वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले चार वर्षों में तीसरा खिताब जीतने की कवायद में लगी सबालेंका ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी को केवल 31 मिनट में हरा दिया। सबालेंका दूसरे सेट में उतनी हावी नहीं रहीं और उन्होंने कुछ बेजा गलतियां कीं। इस सेट में एमबोको ने अच्छा खेल दिखाया।*

### जोकोविच का मिला वाकओवर क्वार्टर फाइनल में एंट्री

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंद्वी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया। इससे अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को वाकओवर मिल गया। आयोजकों ने मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था।मेनसिक ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाई तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।'



## खबर संक्षेप



### सऊदी अरब ने किया एशियाई शीतकालीन खेलों को स्थगित

**दुबई।** सऊदी अरब की ओलंपिक समिति और एशियाई ओलंपिक परिषद ने 2029 एशियाई शीतकालीन खेलों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई है। इन खेलों का आयोजन सऊदी अरब की भविष्यवादी शहर परियोजना एनईओएम के एक पर्वतीय रिसॉर्ट में होने वाला था। एशियाई ओलंपिक परिषद ने कहा कि दोनों संगठनों ने खेलों की मेजबानी के लिए 'भविष्य के लिए एक अपडेटिड ढांचे' पर सहमति बनाई है और खेलों को स्थगित किया जाएगा और इन्हें बाद की किसी तारीख में कराया जाएगा, जिसकी घोषणा आने वाले समय में की जाएगी। बयान में खेलों के स्थगन का कोई कारण नहीं बताया गया।

### बांग्लादेश का टी20 विश्व कप से बाहर होना दुखद: डब्ल्यूसीए

**लंदन।** विश्व क्रिकेट संघ (डब्ल्यूसीए) ने टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ''एक दुखद क्षण'' है जिस पर ''गहन चिंतन'' करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को पुष्टि की कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। आईसीसी ने कहा कि यह ''मुश्किल फैसला'' इसलिए किया गया क्योंकि टूर्नामेंट से ठीक पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के उसकी टीम के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को पूरा करना संभव नहीं था।

### स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस में उलटफेर करने से चूकी अनाहत



**नई दिल्ली।** उभरती हुई स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को न्यूयॉर्क में स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में जापान की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ उलटफेर करने की स्थिति में पहुंचने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले पीएसए प्लैटिनम-स्तरीय टूर्नामेंट में भाग ले रही महिला रैंकिंग में विश्व की 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने शुरुआती दो गेम जीते, लेकिन जापान की छठी वरीयता प्राप्त अनुभवी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 6-11, 6-11, 11-2, 11-8, 11-6 से जीत हासिल की।सतोमी ने कहा, 'यह मेरे लिए वास्तव में एक कड़ा मैच था। उसने (अनाहत) बहुत ही शानदार खेल दिखाया। उसके विनर्स तो कमाल के थे। मैं मैच जीतने से वास्तव में बहुत खुश हूं।'

## टी-20 : युवी के शिष्य अभिषेक का तूफान, भारत के नाम हुई सीरीज

**भारत ने 10 ओवर में 154 रन चेज किए**

# टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

**गुवाहाटी।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 154 रन का टारगेट 10 ओवर में ही हासिल कर लिया। रविवार को गुवाहाटी में अभिषेक शर्मा ने महज 14 गेंद पर फिफ्टी लगाई। बरसापारा स्टेडियम में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड 153 रन ही बना सका। भारत ने 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। अभिषेक ने 68, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 57 और ईशान किशन ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट मिले। न्यूजीलैंड से ग्लेन फिलिप्स ने 48 रन बनाए। मैट हेनरी और ईश सोढी को 1-1 विकेट मिला। भारत ने तीसरा टी-20 जीतकर 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त भी बना ली। इसी के साथ टीम इंडिया ने लगातार 11वीं टी-20 सीरीज जीत ली। भारत ने पहला मैच 48 रन और दूसरा मैच 7 विकेट से जीता था। चौथा मुकाबला 28 जनवरी को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा।

भारत ने 3.1 ओवर में ही टीम फिफ्टी पूरी कर ली, यह टीम की सबसे तेज टी-20 फिफ्टी रही। 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ टीम ने 3.4 ओवर में हाफ संेचुरी पूरी की थी। ईशान किशन 28 और संजू सैमसन खाता खोले बगैर आउट हो गए।



### न्यूजीलैंड की बैटिंग चली ही नहीं

इससे पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कीवी टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। मेहमान टीम ने महज 2 रन पर डेवोन कॉन्वे (1) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र (4) भी चलते बने। न्यूजीलैंड ने 13 के स्कोर तक अपने 2 विकेट खो दिए थे। यहां से ग्लेन फिलिप्स ने टिम सीफर्ट के साथ तीसरे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को संभालने की कोशिश की। सीफर्ट 11 गेंदों में महज 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद फिलिप्स ने मार्क चैपमैन के साथ 41 गेंदों में 52 रन जुटाकर स्कोर को 86 रन तक पहुंचाया। चैपमैन 23 गेंदों में 2 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 32 रन बनाकर आउट हुए, जबकि फिलिप्स 40 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान मिचेल सेंटनर ने 27 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। न्यूजीलैंड ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 153 रन बनाए।

### अभिषेक ने सिर्फ 14 गेंदों पर फिफ्टी ठोकी

इस दौरान अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 14 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज का टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। ईशान किशन 13 गेंद पर 28 रन बनाकर ईश सोढी का शिकार बने। 3.1 ओवर में भारतीय टीम ने अपने 50 रन पूरे किए। यह टीम की सबसे तेज फिफ्टी भी है।

## शानदार फॉर्म में सैन्यम और गौरव, जीता एयर पिस्टल का फाइनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चंडीगढ़ की सैन्यम और उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल एक और दो के अंतिम दिन महिला और पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल दो के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया।विश्व कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम ने अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए फाइनल में 243.1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जो रिदम सांगवान (237.7) से 5.4 अंक अधिक था।मीनू पाठक ने फाइनल में 218.5 का स्कोर बनाकर एक बार फिर शीर्ष तीन में जगह बनाई।

### आठवें स्थान पर रहीं सुरुचि सिंह

इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि सिंह ने 587 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन फाइनल में वह आठवें स्थान पर रही। पलक ने क्वालीफाइंग राउंड में 579 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन फाइनल में उन्हें 178.2 का स्कोर बनाकर पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। अनुभवी श्वेता सिंह ने 578 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में तीसरा स्थान हासिल किया और फाइनल में वह छठे स्थान पर रहीं। मीनू पाठक ने क्वालीफाइंग राउंड में 577 और प्रिया मुरलीधर ने 576 अंक हासिल किए। रिदम सांगवान और सैन्यम ने भी 576 अंक बनाए जबकि दिव्या टीएस ने 575 अंकों के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई।

### टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान पर गौरव

गौरव ने ट्रायल एक में दूसरे स्थान पर रहने के अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए टी2 के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। गौरव ने 584 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने फाइनल में 245.5 का स्कोर बनाकर पहला स्थान हासिल किया।

**फुटबॉल लीग ला लिगा**

## टॉप पर रियाल मैड्रिड, दूसरे स्थान पर खिसका बार्सिलोना



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

किलियन एमबापे के दो गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने विलारियाल को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में बार्सिलोना को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

▪ एमबापे ने दागे दो गोल

एमबापे ने 47वें मिनट में पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके यह सुनिश्चित किया कि रियाल मैड्रिड अंकतालिका में बार्सिलोना से दो अंक आगे निकल जाए। बार्सिलोना को पहला स्थान वापस पाने के लिए अपने अगले मैच में सबसे निचले पायदान पर काबिज रियाल ओविएडो को हराना होगा।

इस जीत से रियाल 21 मैच में 51 अंक हो गए हैं जबकि बार्सिलोना के 20 मैच में 49 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड और विलारियाल के 20 मैच में 41 अंक हैं तथा वह क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे अभी तक ला लिगा में 21 गोल कर चुके हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में पहले स्थान पर हैं।

## महिला फुटबॉल टीम की कोच बनीं पामेला कोंटी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है।
इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। एआईएफएफ ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं, जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है।
एआईएफएफ ने कहा, 'कोंटी के सहायक स्टाफ के रूप में उनके भाई विंसेंजो कोंटी सहायक कोच के रूप में टीम में शामिल होंगे।'निवेथा रामदोस सहायक कोच के रूप में बनी रहेंगी।

## पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार जीता बीबीएल का खिताब, सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| पर्थ

सिडनी सिक्सर्स को 6 विकेट से मात देकर पर्थ स्कॉर्चर्स ने रिकॉर्ड छठी बार बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब अपने नाम कर लिया है। इससे पहले पर्थ स्कॉर्चर्स ने 2013/14, 2014/15, 2016/17, 2021/22 और 2022/23 का खिताब अपने नाम किया था। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी सिडनी सिक्सर्स पारी की अंतिम गेंद पर 132 के स्कोर पर सिमट गई।

इस टीम को डेनियल ह्यूज (7) के रूप में पहला झटका लगा। यहां से जोश फिलिप ने स्टीव स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। स्मिथ 13 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद फिलिप ने कप्तान मोइसेस हेनरिक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 रन जोड़े। फिलिप और हेनरिक्स 24-24 रन बनाकर आउट हुए। विपक्षी खेमे से झाय रिचर्डसन और डेविड पायने ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि महली बियर्डमैन ने 2 विकेट निकाले। आरोन हार्डी को 1 सफलता हाथ लगी।

### स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में मैच किया अपने नाम

इसके जवाब में पर्थ स्कॉर्चर्स ने 17.3 ओवरों में खिताबी मैच अपने नाम कर लिया। इस टीम को मिचेल मार्श और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 50 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की। फिन 22 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों के साथ 36 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने आरोन हार्डी (5) का विकेट भी खो दिया। इसके बाद मार्श ने जोश इंगलिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 33 रन जुटाकर टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। मार्श 43 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद जोश ने मोर्चा संभाला। जोश इंगलिस ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से सीन एबॉट ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, मिचेल स्टार्क और जैक एडवर्ड्स ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

## सलमान अली आगा करेंगे कप्तानी, रिजवान और रऊफ बाहर, बाबर आजम को मौका

# पाकिस्तान ने किया टी20 विश्व कप के लिए स्क्वॉड का ऐलान

एजेंसी ▶▶| लाहौर

बांग्लादेश से समर्थन में टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने की धमकी देने के ठीक एक दिन बाद ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी20 विश्व कप के लिए सलमान अली आगा के नेतृत्व में पीसीबी ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप की टीम में पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ी बाबर आजम को शामिल किया है, लेकिन तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मौका नहीं दिया है। हाल ही में बीबीएल में बाबर, रिजवान और हारिस तीनों का ही प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, लेकिन बाबर विश्व कप टीम में अपनी जगह बनाए रखने में कामयाब रहे हैं।

### मोहम्मद नफे विकेटकीपर

टीम में विकेटकीपर के रूप में ख्वाजा मोहम्मद नफे को मौका दिया गया है। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को भी विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है। संभव है वही विकेटकीपिंग की भूमिका निभाते दिखेंगे। फरहान घरेलू टी20 मैचों में विकेटकीपिंग करते रहे हैं। टीम में उस्मान खान भी हैं, जो विकेटकीपर हैं। मोहम्मद नवाज और शादाब खान अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हुए नजर आएंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फहीम अशरफ को भी मौका दिया गया है। हारिस रऊफ की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाजी कमान शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह संभालेंगे।



### भारत, नीदरलैंड, यूएसए के साथ ग्रुप ए में पाकिस्तान

विश्व कप की शुरुआत 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हो रही है। पाकिस्तान को भारत, नीदरलैंड, यूएसए और नामीबिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को यूएसए, 15 फरवरी को पाकिस्तान और 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ खेलेगा। पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच कोलंबो में खेलेगा।

### विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

## 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' से नवाजा गया आर्मी रोइंग नोड

**नई दिल्ली।** पुणे के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में स्थित आर्मी रोइंग नोड ने खेल के विकास में अपनी अहम भूमिका के लिए विश्व रोइंग का 'प्रोग्राम ऑफ द ईयर' पुरस्कार हासिल किया है। उसने इस पुरस्कार की दौड़ में फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ा। आर्मी रोइंग नोड (एआरएन) की स्थापना 2001 में हुई थी। यह भारत का एकमात्र मानव निर्मित अंतरराष्ट्रीय मानक का 2,200 मीटर गुणा 135 मीटर का रोइंग चैनल है और इसमें 60 से 90 रोअर प्रशिक्षण लेते हैं। वर्ष 2024 में स्थापित विश्व रोइंग पुरस्कार लुसाने स्थित ओलंपिक संग्रहालय में एआरएन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल आर रामकृष्णन को प्रदान किया गया।




## जगह-जगह भंडारे, शहर में चहुंओर मां नर्मदा का जयघोष

# माँ नर्मदा जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा व आस्था का सैलाब

*जीवनदायिनी पुण्य सलिला मां नर्मदा प्रकटोत्सव यहां हर्षोल्लास और आस्था व श्रृद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां रेवा के पावन तट गौरीघाट, तिलवारा घाट और भेड़ाघाट में श्रृद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के चार बजे से माँ नर्मदा के दर्शन और पूजन-अर्चन करने वालों की भीड़ का पहुंचना शुरू हो गया है। ज्यों-ज्यों दिन चढ़ता गया, त्यों-त्यों भीड़ बढ़ती गई। शाम तक ढाई लाख लोगों ने मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर आस्था की डुबकी लगाई. नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित की गई माँ नर्मदा की प्रतिमाओं के जुलूस पहुंचना भी प्रारंभ हो गया था। कलेक्टर, एसपी व निगमायुक्त लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।*

हरिभूमि जबलपुर।

नर्मदा तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे के आयोजन किये गये। शहरी जनता के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। शाम को महा आरती के बाद माँ नर्मदा का नीर (पानी) असंख्य दीपों की ज्योति से जगमगा उठा था। नर्मदा तट पर 'त्वदीय पाद पंकजम्, नमामि देवि नर्मदे' और नर्मदे हर-हर के स्वर गूंज रहे थे। विगत कुछ वर्षों से नर्मदा प्रकटोत्सव के स्वरूप में काफी विस्तार हुआ है। जिससे आयोजन की भव्यता भी बढ़ी है। नर्मदा प्रकटोत्सव की भीड़ और उत्साह का आलम जबलपुर के पुराने बस स्टेण्ड से ही नजर आने लगा था। तमाम मिनी बस, ऑटो, रिक्शा और लोगों के निजी दुपहिया वाहन नर्मदा रोड की ओर दौड़ रहे थे। रामपुर चौराहे से भीड़भाड़ का नजारा दिखने लगा था। यहीं से भोजन भंडारों के पंडाल भी प्रारंभ हो गये थे। हर चार कदम पर भोजन भंडारे चल रहे थे। श्रृद्धालुओं को भंडारों में हर प्रकार का भोजन नाश्ता और चाय निःशुल्क वितरित की जा रही थी।

### 3 किलोमीटर पहले से पैदल चले लोग

नर्मदा प्रकटोत्सव पर यातायात के व्यापक प्रबंध किये गये थे। पिछले कड़वे अनुभवों को ध्यान में रखकर नगर निगम ने जहां अतिक्रमणों का सफाया कर दिया था, वहीं विगत वर्षों के मुकाबले मार्ग भी चौड़े हो चुके थे। खंदारी पुल का चौड़ीकरण भी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहायक रहा। वहीं उमाघाट से सिद्धघाट वाले मार्ग को यातायात के लिये सुगम बना दिये जाने से जाम की स्थिति नहीं बनी। एक तरफ से वाहन आये और दूसरी तरफ से निकल गये। वहीं निजी टैक्सियों, ऑटो और मिनी बसों को सुखसागर वैली से आगे नहीं जाने दिया गया। दुपहिया वाहनों को भी सुबह के वक्त गौरीघाट बस स्टेण्ड पर कराई गयी, यहां स्थिति फुल हो जाने के बाद श्री सिद्ध गणेश मंदिर परिसर और आयुर्वेद कॉलेज परिसर में दुपहिया वाहनों की पार्किंग कराई गई। चौपाया वाहन रेतनाके के पास ही रोक दिये गये। शाम को वाहनों की पार्किंग की स्थिति बिग बाजार तक आ पहुंची और लोगों को कम से कम तीन किलोमीटर पैदल चलकर नर्मदा पहुंचना पड़ा।



### मां नर्मदा का रथ लेकर पहुंचे मंत्री

रेतनाका गौरीघाट से निकाली गई चुनरी और रथ यात्रा में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल आदि मां नर्मदा का रथ लेकर उमाघाट पहुंचे. यहां मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक पूजन अर्चन किया. 351फुट की चुनरी से मां नर्मदा का श्रृंगार किया. इस अवसर पर स्वामी गिरीशानंद, स्वामी नरसिंह देवाचार्य सहित अन्य संत, भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे

### भटौली कुंड में होगा विसर्जन

पुण्य सलिला नर्मदा की स्वच्छता को अक्षुण्ण रखने के लिए नगर निगम प्रशासन ने ऐतिहासिक पहल की है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया नर्मदा प्रकटोत्सव के दौरान स्थापित होने वाली मां नर्मदा की प्रतिमाओं का विसर्जन मुख्य धारा के बजाय स्वच्छ भटौली कुंड में किया जाएगा। भक्तों की आस्था को सम्मान देने और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए स्वयं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार मैदान में डटे हुए हैं।

### कलेक्टर, एसपी, निगमायुक्त ने लिया जायजा

नर्मदा प्रकटोत्सव पर की गई व्यवस्थाओं का जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को जायजा लिया और अधिकारियों को मुस्तैदी से सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखने और सुरक्षा की दृष्टि से सभी को सजग रहने के निर्देश दिये।

### घाट से चौराहे तक पुलिस बल तैनात

पुलिस-प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए. नर्मदा प्रकटोत्सव पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन पालियों में लगातार ड्यूटी करने हेतु 15 सौ का बल लगाया गया है। 200 जवान अतिरिक्त लगाए गए हैं। इसके साथ ही आयोजन एवं भंडारा स्थलों पर तथा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस का संपूर्ण बल के साथ लाइन के 100 जवान एवं 3 कंपनी अतिरिक्त लगाई गई थी।

### जगह-जगह भंडारों का आयोजन

नर्मदा जयंती के इस अवसर पर समूचे जबलपुर में सैकड़ो भंडारों के आयोजन किया जा रहे हैं। भंडारों में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन भक्तों को प्रसाद के तौर पर बाँटे जा रहे हैं। शहर में होने वाले कई भंडारे ऐसे हैं जिनका इंतजार श्रृद्धालुओं को साल भर से होता है। गौरीघाट, मिलौनीगंज, सुपर बाजार, रानीताल, दमोहनाका, पारिजात बिल्डिंग के पास होने वाले भंडारों की तैयारी दो दिन से की जा रही थी।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में पीएचई मंत्री श्रीमति उईके ध्वजा रोहण कर लेंगी परेड की सलामी

**जबलपुर।** राष्ट्र का 77वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया जायेगा। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया गया है। यहां सुबह ठीक 9 बजे प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी और प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित परेड में जिला पुलिस बल, एस.ए.एफ., जेल प्रहरी, होमगार्ड, यातायात पुलिस, एन.सी.सी. के सीनियर ब्वायज एण्ड गर्ल्स, एन.सी.सी. जूनियर ब्वायज एण्ड गर्ल्स, एनसीसी नेवल यूनिट तथा स्काउट-गाईड की प्लाटून शामिल होंगी। परेड में शहर एवं ग्राम रक्षा समिति, ट्रैफिक वार्डन एवं शौर्या दल की टुकड़ी भी सम्मिलित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर के शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अन्य व्यक्तियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर स्वतंत्रता सोनानियों और लोकतंत्र रक्षा सेनानियों का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय स्मारकों पर रोशनी

समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, पत्रकारों सहित यहां पहुंचने वाले आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। समारोह स्थल पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्थित राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं स्थलों, शासकीय भवनों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के साथ-साथ अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किये जायेंगे और सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाने की अपील की गई है।




TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. 'Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, टांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240





# संस्कारधानी के इतिहास में दर्ज है भारतीय संविधान की गौरव गाथा

अनुरोध पटेरिया

हर वर्ष 26 जनवरी को पूरा देश अत्यंत गर्व, उत्साह और राष्ट्रीय चेतना के साथ गणतंत्र दिवस मनाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। यह केवल एक तारीख नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक जीवन की वह आधारशिला है, जिस पर आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र खड़ा है। भारत के संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान सभा की कुल 11 बैठकें हुईं और लगभग 166 दिनों तक गहन चर्चा चली। इस ऐतिहासिक कार्य के प्रमुख शिल्पकार थे डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें संविधान का जनक कहा जाता है। लेकिन भारत का संविधान केवल कानूनों और धाराओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, विचार, स्वतंत्रता, समानता, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय आत्मसम्मान का जीवंत दस्तावेज़ है। बहुत कम लोगों को यह ज्ञात है कि इस ऐतिहासिक दस्तावेज़ की कलात्मक आत्मा मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से जुड़ी हुई है।

## जबलपुर और संविधान का कलात्मक गौरव

भारत के संविधान की मूल प्रति केवल लिखित नहीं है, बल्कि वह हस्तलिखित और सचित्र है। इसके प्रत्येक पृष्ठ को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप कलात्मक रूप से सजाया गया है। यह दायित्व सौंपा गया था देश के महान चित्रकार नंदलाल बोस को, जो उस समय शांतिनिकेतन (पश्चिम बंगाल) से जुड़े हुए थे। नंदलाल बोस ने इस राष्ट्रीय कार्य के लिए अपने सबसे मेधावी और विश्वसनीय शिष्य ब्यौहार राममनोहर सिन्हा का चयन किया। ब्यौहार राममनोहर सिन्हा मूल रूप से जबलपुर के निवासी थे और भारतीय परंपरागत कला शैली में उनकी अद्वितीय पकड़ थी।

राममनोहर सिन्हा ने संविधान के मुख्य मुखपृष्ठ का अलंकरण किया, जिसमें भारतीय संस्कृति की आत्मा झलकती है - सिंधु घाटी सभ्यता की छवियाँ, वैदिक युग के प्रतीक, भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, मुगल और आधुनिक भारत की झलक, स्वतंत्रता आंदोलन के संकेत, इस एक पृष्ठ में उन्होंने हजारों वर्षों की भारतीय सभ्यता को समेट दिया।

## बिना नाम के किया गया ऐतिहासिक योगदान

राम मनोहर सिन्हा की महानता केवल उनकी कला में नहीं, बल्कि उनके चरित्र में भी थी। उन्होंने जीवन भर कभी यह प्रचार नहीं किया कि संविधान का मुख्य पृष्ठ उन्होंने बनाया है। उन्होंने अपने पुत्र से भी वचन लिया था कि इस बात को सार्वजनिक न किया जाए। जब उन्होंने अपना बनाया हुआ मुखपृष्ठ अपने गुरु नंदलाल बोस को दिखाया, तो बोस ने कहा—

*"कला अद्भुत है, लेकिन कलाकार का नाम नहीं है।"*

## इस पर राममनोहर सिन्हा ने उत्तर दिया—

"यह मेरे लिए कला नहीं, देश के लिए सेवा है। इसमें नाम का क्या महत्व?" गुरु के आग्रह पर उन्होंने अत्यंत विनम्र और अनोखे तरीके से 'राम' शब्द को डिजाइन में छिपाकर दाहिने निचले कोने में हस्ताक्षर कर दिए, ताकि नाम भी रहे और अहंकार भी न हो। यह तथ्य वर्ष 2007 में उनके निधन के बाद सार्वजनिक हुआ, जब कला जगत और देश ने जाना कि संविधान के सौंदर्य के पीछे एक गुमनाम जबलपुरिया कलाकार का योगदान छिपा है।

## 26 जनवरी के बाद भी चलता रहा संविधान का निर्माण

एक और रोचक तथ्य यह है कि संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू तो हो गया, लेकिन उसका कलात्मक अलंकरण मई 1950 तक चलता रहा। यानी भारत गणतंत्र बन चुका था, लेकिन संविधान को सजाने-संवारने का कार्य उसके बाद भी महीनों तक जारी रहा। यह अपने आप में अनोखा उदाहरण है कि दुनिया के किसी भी देश का संविधान इतना कलात्मक, हस्तलिखित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नहीं है।

## संविधान और जबलपुर का ऐतिहासिक न्यायिक संबंध

एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ल (1976) संविधान और जबलपुर का सबसे बड़ा न्यायिक अध्याय जुड़ा है। एडीएम जबलपुर केस, जिसे हैबियस कॉर्पस केस कहा जाता है। आपातकाल (1975–77) के दौरान जब नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे, तब जबलपुर हाईकोर्ट ने साहसिक फैसला देते हुए कहा— "आपातकाल में भी व्यक्ति के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता।" हालाँकि तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया, लेकिन 2017 में स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया कि जबलपुर हाईकोर्ट का निर्णय नैतिक और संवैधानिक रूप से सही था। यह निर्णय भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में स्वतंत्रता की मशाल बनकर दर्ज है।

संविधान को प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने हाथ से लिखा। मूल प्रति संसद भवन में हीलियम गैस से भरे विशेष बॉक्स में सुरक्षित है। 26 जनवरी इसलिए चुनी गई क्योंकि 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की घोषणा हुई थी। पहली गणतंत्र दिवस परेड इरविन स्टेडियम जोअब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के नाम से जाना जाता है में हुई थी। 1952 में राजा जॉर्ज की मृत्यु के कारण औपचारिक समारोह नहीं हुआ था। बीटिंग रिट्रीट की परंपरा ब्रिटिश दौर से आई, जिसे भारत ने अपनी धुनों में ढाल लिया।




# 'यद् भावं तद् भवति' के मंत्र के साथ भावनायोग का ऐतिहासिक आयोजन

## मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के सान्निध्य में 20 हजार लोगों ने लिया सकारात्मक जीवन का संकल्प

**जबलपुर।** मानव जीवन को तनाव, नकारात्मकता और मानसिक अशांति से मुक्त कर सकारात्मक दिशा देने वाले भावनायोग का भव्य और ऐतिहासिक एकदिवसीय आयोजन रविवार को संस्कारधानी जबलपुर में संपन्न हुआ। पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आयोजित इस विराट कार्यक्रम में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज जी के पावन सान्निध्य में लगभग 20 हजार की संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर भावनायोग का प्रत्यक्ष अनुभव किया और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण और अनुशासन के साथ हुई, जहाँ "यद् भावं तद् भवति" के मंत्र ने पूरे परिसर को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। हर आयु वर्ग के लोगों की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि आज के तनावग्रस्त समाज में भावनायोग जैसी जीवनशैली की आवश्यकता कितनी गहरी है। इस गरिमामयी अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के ग्रामीण एवं पंचायत विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, उत्तर मध्य विधानसभा विधायक अभिलाष पांडे, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अनु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, वरिष्ठ भाजपा नेता सुधांशु गुप्ता, पूर्व विधायक विनय सक्सेना सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन एवं जबलपुर दिगम्बर जैन युवा महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसने आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रभावी स्वरूप प्रदान किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने भावनायोग की गहन व्याख्या करते हुए कहा कि "मनुष्य का जीवन उसकी भावनाओं से संचालित होता है। जैसी भावना होती है, वैसा ही चिंतन, व्यवहार और परिणाम होता है।" उन्होंने कहा कि सकारात्मक भावनाएँ मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं, जबकि नकारात्मक भावनाएँ तन, मन और मस्तिष्क—तीनों को रोगग्रस्त बनाती हैं। मुनि श्री ने बताया कि भावनायोग के नियमित अभ्यास से क्रोध करुणा में, उत्तेजना शांति में और घृणा प्रेम में परिवर्तित हो जाती है। जब व्यक्ति बार-बार अच्छे विचारों और शुभ भावनाओं का अभ्यास करता है, तो मस्तिष्क में नई ऊर्जा का विकास होता है, जिससे इम्युनिटी बढ़ती है और शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य में आश्चर्यजनक सुधार आता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान और मनोविज्ञान दोनों इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि मनुष्य की लगभग 70 प्रतिशत बीमारियाँ भावनात्मक असंतुलन से उत्पन्न होती हैं। पहले मन बीमार होता है, फिर शरीर। भावनायोग इस असंतुलन को ठीक कर जीवन में स्थिरता और संतुलन लाने का सशक्त माध्यम है।

मुनि श्री ने आधुनिक मनोविज्ञान और भारतीय दर्शन का संबंध बताते हुए कहा कि पश्चिमी देशों में जिसे लॉ ऑफ अट्रैक्शन कहा जाता है, उसका मूल हमारे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में हजारों वर्ष पहले ही स्पष्ट रूप से बताया गया है—"यद् भावं तद् भवति।" उन्होंने बताया कि भावनायोग जैन मुनियों की आचार्य परंपरा पर आधारित है, जिसके चार प्रमुख अंग हैं—प्रार्थना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और सामायिक। यदि कोई सामान्य व्यक्ति प्रतिदिन केवल पाँच मिनट भी भावनायोग करे, तो उसके जीवन में कई गुना सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि "आज के समय और परिस्थितियों में हमारी आने वाली पीढ़ी को भ्रमजाल से बाहर निकालने का सबसे सहज और प्रभावी उपाय भावनायोग है।" उन्होंने कहा कि मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के सान्निध्य में उन्हें शांति और आत्मिक विश्वास की अनुभूति होती है तथा वे स्वयं भी अपने जीवन में भावनायोग का पालन करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने जबलपुर की जनता का अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ भावनायोग का अभ्यास करना और इसे जीवन में अपनाने का संकल्प लेना समाज के लिए अत्यंत शुभ और सकारात्मक संकेत है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का सशक्त उदाहरण बना, बल्कि जबलपुर को भावनात्मक स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिला गया।

बंजारी माता मंदिर में भजनों का आयोजन

# दिनभर चले जगह-जगह भंडारे

सिहोरा।

माँ नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पुनीत अवसर पर रविवार को नगर से लेकर ग्रामीण श्रेत्रों तक में पूजन अर्चन के साथ भंडारे का क्रम दिनभर चलता रहा। ज्वालामुखी चौराहा,बाबाताल सहित अनेक स्थानों पर नर्मदा मां की प्रतिमा स्थापित की गई थी। तथा शाम को हिरन घाट खितौला में आयोजित मां नर्मदा की आरती में जन सैलाब उमड़ा एंव चुनरी भी अर्पित की गई।



### बंजारी माता मंदिर में भजनों का आयोजन

नर्मदा जयंती पर बंजारी माता मंदिर गांधीग्राम में जल कलश पूजन,संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ,माता की चौकी सहित जहां भजनों का आयोजन किया गया वहीं दिन भर कन्या भोजन भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा। प्रताप सिंह बघेल, पुष्पराज सिंह बघेल परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों ने पहुंचकर माता बंजारी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

### खितौला रोड़, कंकाली मंदिर में भंडारे का वितरण

नर्मदा जयंती पर खितौला रोड पर कान्हा ट्रेडर्स के अंकित तिवारी, कान्हा तिवारी आदि ने मां की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर खिचड़ी,पोहा,पुलाव का प्रसाद वितरण किया गया। कंकाली मंदिर में नयन कपूर द्वारा प्रस्तुत देवी गीत के साथ इशांत दुआ,आशीष सरदार द्वारा भंडारे के आयोजन के साथ शनि मंदिर, बाबाताल, ज्वालामुखी आदि में भी प्रसाद वितरण किया गया।

## माँ सरस्वती जी का भावपूर्ण पूजन संपन्न

**जबलपुर।** दक्षिण जबलपुर बांगली एसोसिएशन जबलपुर द्वारा उप नगरीय तिलहरी राजुल टाउन शिप क्लब मे माँ सरस्वती जी का पूजन-अर्चन पूरे विधिविधान से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह संयोजक काजल कुमार विश्वास ने माँ सरस्वती जी की आराधना करते हुए कहा कि यह नवजीवन और नवचेतना का पर्व। बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी माँ सरस्वती की आराधना का विशेष दिन भी है। इस दिन पीले वस्त्र धारण कर माँ सरस्वती की पूजा करते हैं और विद्या, विवेक व सृजनशीलता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।इस खास मौके पर बीजेपी नेता कमलेश अग्रवाल ने सभी को मंगलकामना दी। वही बंगाली एसोसिएशन ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता व नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वर्तमान लोकप्रिय पार्षद कमलेश अग्रवाल को सरस्वती माँ की प्रतिमा भेंट करते हुए भाव पूर्ण अभिनन्दन किया । पूजन उपरांत सभी सदस्यों ने प्रसाद एंव भोग ग्रहण किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनूप बोस, असित चक्रवर्ती, काजल कुमार विश्वास, कर दादा, शम्भु बैनर्जी,बी के डे,बी0 चौधुरी, राजुल क्लब अध्यक्ष श्रीवास्तव जी, डॉ अखिल श्रीवास्तवअनिल शुक्ला, मानसिंह तोमर, आनन्द सिन्हा, अशोक नस्कर, सहित नारी शक्ति की गरिमा मय उपस्थिति सराहनीय रही।

## 64 विद्युत अभियंता व कार्मिक होंगे पुरस्कृत

# ऊर्जा सचिव व पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि जबलपुर।



मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के ऊर्जा सचिव व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर विशेष गढ़पाले सुरक्षा सैनिकों की परेड की सलामी लेंगे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के सुरक्षा निकाय बैण्ड दल द्वारा राष्ट्रीय गीतों की धुन प्रस्तुत की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता एवं बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अभयिंता व कार्मिक उपस्थित रहेंगे।

समारोह में सुरक्षा निकाय व बालक मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन किया जाएगा। पावर मैनेजमेंट कंपनी के 14 व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 अभयिंताओं व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। अखलि भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली एमपी पावर की टीम के 20 खलिाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बालक मंदिर स्कूल के विद्यार्थी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने जबलपुर स्थित सभी विद्युत कंपनियों के अभयिंताओं व कार्मिकों से गणतंत्र दिवस समारोह मे उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधिपति फहरायेंगे राष्ट्रीय ध्वज

**जबलपुर।** राष्ट्र के 77वें गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के ओवल लॉन में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इस गरिमामय समारोह में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री सचदेवा द्वारा न्याय व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए मोबाइल कोर्ट वाहन, विधिक सहायता जागरूकता रथ और ग्राम न्यायालयों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।समारोह के दौरान 'होप टू अचीवमेंट' पहल के तहत ग्वारीघाट के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बच्चों को आईपैड, स्कूल बैग और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी होगा।

# सिहोरा में आज जगह-जगह होगा ध्वजारोहण

सिहोरा। गणतंत्र दिवस समारोह आज नगर में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा तथा इस अवसर पर जगह जगह ध्वजारोहण भी किया जायेगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर की समस्त शासकीय भवनों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।

गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत सिहोरा में जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, नगर पालिका में अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे द्वारा ध्वाजारोहण किया जायेगा इसके अलावा तहसील कार्यालय, विधायक कार्यालय, वन परिक्षेत्र सिहोरा, उप पंजीयक कार्यालय, कृषि विभाग कार्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, शिक्षा प्रचारक समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अलावा नगर की समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।

### मुख्य समारोह स्टेडियम में

प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन स्वर्गीय अरूणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम मैं प्रातः9 बजे से रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद अध्यक्ष के मुख्यातिथ्य, संतोष बरकडे विधायक सिहोरा की अध्यक्षता एंव संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल की उपस्थिति में आयोजित किया गया है, जिसमें ध्वजारोहण के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कुलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे।

## मां नर्मदा का प्राकट्योत्सव पर भेड़ाघाट के घाटों में गूंजा हर-हर महादेव व नर्मदे हर का जयघोष

भेड़ाघाट।

हिन्दू शास्त्रों में पुण्य सलिला नर्मदा नदी को अत्यंत पवित्र और मोक्षदायिनी बताया गया है अनेक पुराणों में मां नर्मदा के महत्व का वर्णन हैं सनातन मान्यता हैं कि नर्मदा नदी के दर्शन मात्र से समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गंगा में एक बार स्नान करने, यमुना में तीन बार स्नान, सरस्वती नदी में सात बार स्नान करने से जो लाभ मिलता हैं वह लाभ नर्मदा नदी के मात्र दर्शन करने से मिल जाता हैं वहीं नर्मदा नदी में स्नान करना और भी पुण्यदायी होता है साथ ही मां नर्मदा की पूजा करने से सुख सौभाग्य में वृद्धि होती हैं।



सरस्वती घाट, पंचवटी, लम्हेटाघाट, गोपालपुर, के तटों पर अलसुबह से जगह जगह विशाल भंडारा आयोजित किया गया सरस्वती घाट में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी चुनरी यात्रा का क्रम जारी रहा और भेड़ाघाट क्षेत्र मां नर्मदा के जयघोष से गूंज उठा था हर तरफ मां नर्मदा प्राकट्योत्सव में भक्ति में लीन भेड़ाघाट क्षेत्र में देखने को मिला और मंदिरों मेंधार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन भी दिनभर चलता रहा हैं पंचवटी में सांस्कृतिक महोत्सव निर्झरणी का आयोजन भी किया गया।

## जनसंवाद का सशक्त माध्यम है मन की बातः डॉ अभिलाष पाण्डेय

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात का 130 वा संस्करण जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के सभी बूथों में सुना गया, उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 106 में उपस्थित होकर नव आगंतुक कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को श्रवण किया। इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बातें साझा कर मतदाता दिवस, तृप्ता नदी, गुरुकुल पद्धति आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।2026 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं, फर्स्ट वोटर्स को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और लोगों से स्टार्टअप में हो रहे नए इनोवेशन पर चर्चा की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल,पार्षद प्रतिभा भापकर बूथ पदाधिकारी, स्थानीयजन एवं नव आगंतुक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मझौली में चल रहे श्रीश्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ की पूर्ण आहुति व भंडारा कल



**मझौली।** रविवार को यहां आयोजित कथा में श्री श्री दत्त जी महाराज कोनी वालों के द्वारा कृष्ण के बालपन की कथा के बाद भगवान कृष्ण मथुरा पहुंचे जहां पर उन्होंने कंस का वध किया और वहां के लोगो अत्याचारी कंस का वध कर उससे निजात दिलाया और महाराज उग्रसेन को राज्य सौंपा इसके बाद कृष्ण रूक्मणी विवाह सम्पन्न हुआ। कल की कथा में कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा। यह नौ दिवसीय श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है यह 27 जनवरी दिन मंगलवार को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।

इस यज्ञ सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्त गण पूरे दिन परीक्रमा करते रहते हैं। दोपहर बाद 3 बजे से शाम ६बजे तक भागवत कथा शाम 7 बजे से भगवान राम का रामलीला का मंचन किया जाता है।

### नगर मझौली में जगह-जगह विराजी मां नर्मदा

मझौली। नर्मदा जयंती पर जगह-जगह विराजी मैया एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया कटंगी रोड बजार प्लाट पुरानी बजार आदि जगह विराजी मैया एवं भंडारा मैया की पूजन अर्चन एवं हवन पूर्णाहुति की गई।

## वैश्य महासम्मेलन का कैलेंडर विमोचित

**सिहोरा।** वैश्य महासम्मेलन ग्रामीण जिला इकाई सिहोरा द्वारा वार्षिक कैलेंडर विमोचन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन झंडा बाजार में आयोजित किया गया। जिसमें संस्कृति ठाकुर ने माता सरस्वती की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। मंच संचालन संगीता सिंघई ने किया एंव अंशु बड़ेरिया, रूबी ताम्रकार ने गीत प्रस्तुत किए। महिला इकाई की खेल प्रतियोगिता में छवि साहू प्रथम, साक्षी ताम्रकार द्वितीय,निशा जैन तृतीय रहीं जिन्हें पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन तहसील अध्यक्ष चंदा नौगरहिया एवं नगर अध्यक्ष सारिका साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संजय साहू संभाग अध्यक्ष, विमल जैन जिला प्रभारी, रामखेलावन साहू संभाग कोषाध्यक्ष, वृंदावन साहू



जिला उपाध्यक्ष रंजन साहू, विजय श्रीपाल,विनय जैन, दिनेश गुप्ता तहसील अध्यक्ष, दीपक पहरिया,जुगल किशोर नौगरहिया, अतुल नौगरहिया, अमित कनकने, विपिन गुप्ता, निशा जैन, सोनाली साहू, पूनम साहू, रीता नौगरहिया, ममता साहू, सीमा साहू, रीना साहू, सुनीता साहू, सविता गुप्ता, शोभा गुप्ता, आशा बिलैया, डॉ किरण जैन, मधु बिजपुरिया, सीमा किरण जैन, विक्रांत आदि उपस्थित थे।

## बदमाशों ने फिर दी कानून व्यवस्था को चुनौती

# पहाड़ी में बंधक बनाकर युवती से गैंग रेप

जबलपुर।

शहर में एक बार फिर बदमाशों ने कानून व्यवस्था को खुली चुनौती दी है. घमापुर थाना क्षेत्र के चांदमारी पहाड़ी में बंधक बनाकर एक युवती से गैंग रैप का सनसनीखेज मामला सामने आया है. चूंकी घटना का प्रारंभिक स्थल पनागर थाना क्षेत्र था लिहाजा घमापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर केस डायरी अग्रिम विवेचना के लिये पनागर थाना भेज दी. बताया गया है कि पनागर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवती का रास्ता रोककर उसे अगवा किया और पहाड़ी पर ले जाकर सामुहिक दुष्कृत्य किया. इतना ही नहीं युवती को बंधक बनाकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया. घटना गत बुधवार 21 जनवरी की बताई जा रही है. बंधक मुक्त होने के बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना 21 जनवरी की है। पीड़िता अपने घर से बहन के घर पनागर जाने के लिए निकली थी। तभी कंचनपुर आजाद नगर निवासी हर्ष कुशवाहा और उसका साथी कन्हैया ठाकुर बाइक पर खड़े होकर उसका रास्ता रोके हुए थे। आरोपियों ने युवती से मारपीट करते हुए जबरन बाइक पर बैठाकर चांदमारी पहाड़ी की ओर ले गए। पनागर टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि आरोपियों ने पहाड़ी पर युवती को बंधक बना लिया। मुख्य आरोपी हर्ष कुशवाहा ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। हैवानियत का आलम यह था कि जब पीड़िता दर्द और दहशत के कारण बेहोश हो गई, तो आरोपियों ने उसके चेहरे पर पानी छिड़क कर उसे होश में लाया और फिर दोबारा उसके साथ दैहिक शोषण किया। पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से जान बचाकर भागने में सफल रही और सीधे घमापुर थाने पहुँची। युवती की आपबीती सुनने के बाद घमापुर पुलिस ने जीरो पर मामला दर्ज किया। चूंकि घटना की शुरुआत और प्राथमिक स्थल पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसलिए केस डायरी अग्रिम कार्रवाई के लिए पनागर पुलिस को भेज दी गई है।

**श्री उत्तम चंद जैन-** पोलीपाथर नर्मदा रोड निवासी श्री उत्तम चंद जैन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सपना पीपरा-** खटीक मोहल्ला खेरमाई निवासी श्री सालिगराम पीपरा की पुत्री कु. सपना पीपरा (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निकिता गुप्ता-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री संदीप गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती निकिता गुप्ता (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रीति बेन-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री सुनील बेन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शैफाली चौधरी-** राइट टाउन आस्था मेडिकल के पास निवासी श्री निमाई चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शैफाली चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शारदा प्रसाद कुर्मी-** शिवनगर कॉलोनी निवासी श्री शारदा प्रसाद कुर्मी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।




**श्री रामजी शर्मा-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री रामजी शर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित झारिया-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री चंपा लाल झारिया के पुत्र श्री रोहित झरिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गिरजा प्रसाद-** सर्रापीपल रांझी निवासी श्री गिरजा प्रसाद (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल विश्वकर्मा-** बड़ी खेरमाई निवासी श्री शंकर लाल विश्वकर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई उईके-** बरेला हिनोतिया निवासी श्री राम प्रसाद उईके की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई उईके (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कपिल सिंह-** मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री कपिल सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धनराज-** सदर एपीएन स्कूल के पीछे निवासी श्री धनराज (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा सोनकर-** ठक्कर ग्राम जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री शेखर सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा सोनकर (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रानी पारस-** पुरानी बस्ती कजरवारा निवासी श्री मूलचंद पारस की धर्मपत्नी श्रीमती रानी पारस (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संतोष श्रीवास्तवः** 294,नालंदा विहार विशाल मेगा मार्ट के बाजू से तिलवाराघाट रोड निवासी श्रीमती संतोष श्रीवास्तव जी पत्नी स्व एड.वी एस श्रीवास्तव का स्वर्गवास हो गया है। अंतिम संस्कार आज 26 जनवरी को सुबह 11 बजे तिलवाराघाट शमशान में संपन्न होगी। वे शंकर गैस एजेंसी भेड़ाघाट के संचालक विनय शंकर श्रीवास्तव,एडवोकेट हिमानी, एडवोकेट शिवानी की माताजी एवं डॉ रवि शंकर श्रीवास्तव एवं हरि शंकर श्रीवास्तव की भाभी थी।



**श्री शंकर लाल दुबेः** गुप्ता नगर मेडिकल जबलपुर,पूर्व बजरंग नगर निवासी का 85 वर्ष की आयु में आज सुबह स्वर्गवास हो गया। आप अमित दुबे बबलू के पिता थे। अंतिम संस्कार चौहानी मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई। इसमें सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना व दुबे परिवार के लिए शोक संवेदना व्यक्त की है।



### डॉ. वी.पी. पटेल के बाद डॉक्टर अंबेडकर पर लगातार लग रहे रिश्वतखोरी के आरोप

# कलयुगी भगवान की संज्ञा को बदनाम कर रहे सरकारी डॉक्टर




**शहडोल।** शहडोल जिला चिकित्सालय एक बार फिर विवादों में है, जहां दूरदराज से इलाज कराने आए मरीजों से कथित रूप से इलाज के नाम पर पैसों की मांग की जा रही है। पहले पीडियाट्रिक विभाग के डॉ. वी.पी. पटेल के खिलाफ रिश्वत के आरोप सामने आए थे, अब डॉक्टर अंबेडकर पर भी आयुष्मान योजना बंद होने का हवाला देकर रुपए मांगने का आरोप लगा है, जिससे परेशान परिजन निजी अस्पताल जाने को मजबूर हुए।

सरकार के मुफ्त इलाज के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए शहडोल जिला चिकित्सालय के कुछ सफेदपोश डॉक्टरों ने अस्पताल को वसूली केंद्र बना दिया है। यहां पदस्थ डॉ. अंबेडकर पर एक बार फिर इलाज के नाम पर सरेआम रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिससे स्वास्थ्य महकमे में हडक़ंप मच गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए इस डॉक्टरी भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है?

#### आयुष्मान कार्ड को बताया बेकार

जानकारी के अनुसार, देवरी निवासी जीवन सिंह के पिता किशोरी सिंह को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि डॉ. अंबेडकर ने वृद्ध मरीज के ऑपरेशन और उपचार के बदले परिजनों से 14 से 15 हजार रुपये की मोटी रकम की मांग की, जब बदहवास परिजनों ने सरकारी योजना आयुष्मान कार्ड का हवाला दिया, तो डॉक्टर ने बेहद गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा कि आयुष्मान का टेंडर खत्म हो चुका है, अब पैसे देने पड़ेंगे। सरकारी अस्पताल की छत के नीचे बैठकर सरकारी योजना को ही ठेंगा दिखाना प्रशासन के गाल पर करारा तमाचा है।

#### मानसिक प्रताडना और मजबूर पलायन

परिजनों का आरोप है कि रिश्वत देने से मना करने पर डॉक्टर का व्यवहार बेहद आक्रामक हो गया और मरीज का समुचित उपचार तक नहीं किया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों को मौखिक सूचना देने के बावजूद जब कोई समाधान नहीं निकला और डॉक्टर बार-बार रुपयों के लिए दबाव बनाता रहा, तो मजबूर होकर परिजन मरीज को निजी अस्पताल ले गए। यह जिला अस्पताल के माथे पर कलंक है कि एक गरीब आदिवासी परिवार डॉक्टर की रुपयों की भूख के कारण सरकारी अस्पताल से भागने पर मजबूर हो गया।

#### पुराना है वसूली का इतिहास

गौरतलब है कि डॉ. अंबेडकर पर पहले भी भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं, जिला अस्पताल का रिकॉर्ड ऐसी शिकायतों से भरा पड़ा है। इससे पहले शिशु रोग विभाग के डॉ. वी.पी. पटेल पर भी मरीजों से पैसे मांगने के आरोप लगे थे, जिनकी गूंज सोशल मीडिया तक सुनाई दी थी। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने साबित कर दिया है कि यहां इलाज मुफ्त नहीं, बल्कि बिकाऊ है।

#### प्रशासन की चुप्पी पर तीखे सवाल



पीड़ित पक्ष ने अब शहडोल कलेक्टर के द्वार खटखटाए हैं और शपथ-पत्र के साथ निष्पक्ष जांच की मांग की है। आम जनता का भरोसा अब जिला अस्पताल की व्यवस्था से पूरी तरह टूट चुका है, यदि समय रहते इन भ्रष्ट तत्वों को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया गया, तो सरकारी अस्पताल केवल कागजों पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा के दावे करते रहेंगे और गरीब इसी तरह लुटता रहेगा।



#### इनका कहना है...

शिकायत मेरे पास अभी नहीं आई है, विभागीय कार्य के चलते मैं बाहर हूं, अगले कार्य दिवस पर मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित चिकित्सक को नोटिस दिया जाएगा।

**डॉ.शिल्पी सराफ**
**सिविल सर्जन**
**जिला चिकित्सालय**

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**तेन्दूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जामुन ग्राम में अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति द्वारा गांव के बाहर लगे जामुन के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार भरत सींग पिता साहब सींग गौड़ उम्र 36 वर्ष निवासी जामुन थाना तेन्दूखेड़ा है जो मानसिक रूप से परेशान चल रहा था जहां रविवार की सुबह उसने गांव के बाहर लगे पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना सरपंच द्वारा थाने आकर दी गई जहां सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की गई।

## देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्यवाही

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने गत रात दिव्यांचल मैरिज गार्डन में नियमों की अव्हेलना करने पर कार्यवाही करते हुए साउंड बाक्स एवं एम्लीफायर जब्त किया है। साथ ही प्रकरण भी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण और देर रात लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन दिव्यांचल मैरिज गार्डन में देर रात तक तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाया जा रहा था। जिससे आस-पास के रहवासियों को भारी असुविधा हो रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** समाज में छिपे नरपिशाचों के खिलाफ धनपुरी पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। बहला-फुसलाकर नाबालिग का अपहरण करने और फिर उसकी अस्मत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी रिंकू प्रजापति को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है।

#### अपहरण से शुरू हुआ गुनाह का सफर

वारदात की शुरुआत 12 जनवरी की रात को हुई, जब ग्राम बेम्हौरी निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर सेल की तकनीकी मदद और मुखबिरों के सटीक जाल ने पुलिस को 17 जनवरी तक नाबालिग को सकुशल बरामद करने में सफलता दिलाई।

#### बयानों ने खोली दरिंदगी की पोल

जब पीड़िता के बयान दर्ज किए गए, तो मामला केवल अपहरण का नहीं बल्कि रूह कंपा देने वाली दरिंदगी का निकला। बयानों के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामले में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं और पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 19 जनवरी को आरोपी रिंकू प्रजापति उम्र 24 वर्ष को दबोच लिया। इस सख्त कार्रवाई ने क्षेत्र के अपराधियों में खौफ पैदा कर दिया है।

## फरार स्थाई वारंटी को जबलपुर से पकड़ा

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने 06 अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी अमित रोहरा को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित रोहरा 27 वर्ष निवासी संतनगर सावरकर वार्ड के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों से 6 स्थाई वारंटी जारी थे। वह लंबे समय से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। 17 जनवरी की रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जबलपुर के बलदेवबाग इलाके में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली राखी पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए जबलपुर में दबिश दी और आरोपी को सफलतापूर्वक धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध जेल वारंट जारी कर उसे जेल भेज दिया है।

# साल के पेड़ों में कीड़े लगने एवं अवैध कटाई से पड़ रही दोहरी मार

### मझौले पेड़ काटने के साथ-साथ चिन्हित पेड़ों की मची है लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





पर्यावरण की दृष्टि से केंद्र एवं प्रदेश सरकार देश प्रदेश को हरा-भरा बनने वृक्षारोपण कर पर्यावरण शुद्ध करने प्रयासरत है। उसके लिए वे हिसाब धनराशि भी खर्च कर रही है क्योंकि नारे भी दिए जाते हैं कि यदि आप सांस लेना पसंद करते हैं तो पेड़ बचाओ जैसे नारे सोशल मीडिया पर देखने सुनने मिलते हैं, लेकिन तामिया रेंज का दुर्भाग्य ही कहें कि यहां पर प्रकृति ने साल के वृक्ष राष्ट्रीय धरोहर के रूप में दे रखे है क्योंकि इनका पौधा रोपण नहीं होता है तो इन्हें बचाने की जिम्मेदारी वन विभाग की ज्यादा बनती है, लेकिन तामिया में साल के पेड़ो पर इन दिनों दोहरी मार पड रही है। वन विभाग की लापरवाही के चलते साल बोरर कीड़े लगने पर विभाग ने समय पर ध्यान नहीं दिया और पिछले वर्ष बरसों पुराने 200 पेड़ से अधिक साल बोरर कीड़ों के कारण मर गये और उन्हें काटना पड़ा इस तरह वन संपदा को वन विभाग के लापरवाह रेंजर एवं मैदानी अमले का खामियाजा अनमोल पर संपदा के रुप मै भुगतना पड़ा। उनकी लापरवाही का दूसरा उदाहरण इस वर्ष भी बीमार पेड़ों की सही गणना नहीं होने के चलते इस वर्ष भी लगभग 200से अधिक पेड़ साल बोरर कीड़े लगे चिन्हित किए गए हैं तो समझा जा सकता है कि छोटे से भू भाग में 400 पेड़ों को बीमारी के कारण काटना पड़ा। वही इन दिनों साल के मंझोले पौधे की अंधाधुंध कटाई जलाऊ के नाम. पर हो रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीमार पेड़ क्रमांक 61 एवं 44 के आसपास साल के मझोले पेड़ कटे देखे जा सकते हैं, वहीं लकड़ी काटने वाले इतने निश्चित है कि चिन्हित बीमार पेड़ को भी काट कर ले जाने में नहीं हिचक रहे हैं। इस तरह तामिया में प्रकृति द्वारा दिया गया साल का जंगल इन दिनों दोहरी मार के कारण जंगल का रकवा प्रतिदिन सिकुड़ता जा रहा है। अब उच्च अधिकारियों को जंगल में उतरने की जरूरत आन पड़ी है। ऐसी स्थिति इसलिए बन रही है कि यहां के वन कर्मी,रेंजर इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि संयुक्त दल बनाकर इन बीमार पेड़ों को चिन्हित नहीं किया गया तो यहां पर प्रकृति की शान कहे जाने वाले साल के पेड़ों का अस्तित्व मिटने में देर नहीं लगेगी, इन्हें बचाने के लिए विभाग द्वारा ठोस कदम उठाए जाने चाहिए कि एक ही बार में बीमार पेड़ चिन्हित कर इस क्षेत्र के पेड़ों को बचाया जा सके और जो मंझौले साल के पेड़ जलाऊ के नाम पर काटे जा रहे हैं उन्हें भी बचाने जंगल में गस्ती बढ़ानी होगी, लेकिन इन सारी स्थिति से यहां की उपवन मंडल अधिकारी भी अवगत है, लेकिन अपने अधीनस्थों को निर्देशित नहीं कर पा रही हैं जिसका नतीजा बेशकीमती पेड़ों को भुगतना पड़ रहा है।

# बाहर से चमकदार, अंदर से जानलेवा!

### लौकी में मिले कीड़े, कीटनाशकों पर उठे सवाल



**छपारा।** बाजार में बाहर से एकदम साफ-सुथरी और ताजी दिखने वाली लौकी अंदर से कितनी खतरनाक हो सकती है, इसका चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बाजार से खरीदकर लाई गई एक लौकी जब घर में सब्जी बनाने के लिए काटी गई, तो उसके अंदर कीड़े चलते हुए पाए गए। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग दंग रह गए।

यह घटना वर्तमान समय में सब्जियों में हो रहे अंधाधुंध कीटनाशक के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बाहर से चमकदार और आकर्षक दिखने वाली सब्जियां अंदर से सड़ी-गली या कीटग्रस्त निकल रही हैं, जो सीधे आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक रसायनों के उपयोग से सब्जियों की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो रही है, जिससे वे जल्दी खराब होती हैं और कई बार अंदर से कीड़े लग जाते हैं। ऐसे में बिना जांच-परख के सब्जियों का सेवन पेट संबंधी बीमारियों सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

#### स्वास्थ्य विभाग से मांग

स्थानीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से सब्जी मंडियों में नियमित जांच और कीटनाशक उपयोग पर सख्त निगरानी की मांग की है। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि सब्जियां खरीदते समय सतर्क रहें, अच्छी तरह धोकर और काटकर ही उपयोग करें। यह मामला एक चेतावनी है कि केवल बाहर की चमक देखकर सब्जियों की गुणवत्ता का अंदाजा लगाना खतरनाक हो सकता है।

# माइंस से केबल उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन शातिर दबोचे

**शहडोल।** अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए कोतवाली पुलिस ने शाहपुर बेस्ट कोल माइंस में हुई तांबे के केबल की बड़ी चोरी का महज कुछ ही दिनों में सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस की पैनी नजर और त्वरित घेराबंदी के आगे चोरों की चालाकी धरी की धरी रह गई। इस कार्रवाई में न केवल तीन आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है, बल्कि चोरी गया कीमती मशरूका भी बरामद कर लिया गया है। बीती 13 जनवरी 2026 की दरमियानी रात करीब 1 से 5 बजे के बीच बेखौफ चोरों ने खम्हरिया कला स्थित शाहपुर बेस्ट कोल माइंस को निशाना बनाया था। माइंस कैंपस की बाउंड्री वॉल के पास रखे 5 कोर के लगभग 500 मीटर तांबे के केबल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था, जिसकी बाजार में कीमत करीब 90,000 रुपये आंकी गई थी। माइंस के स्टोर प्रभारी और कर्मचारियों की काफी तलाश के बाद भी जब सुराग नहीं मिला, तब फरियादी उत्कर्ष नामदेव ने कोतवाली थाने में न्याय की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों के जाल की मदद से पुलिस खैरहा निवासी मुस्तफा खान उम्र 21 वर्ष, सूरज कोल उम्र 21 वर्ष और मोहम्मद इकरार खांन उम्र 26 वर्ष तक पहुंच गई। कड़ी पूछताछ के सामने आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया, जिसके बाद 19 जनवरी 2026 को उन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### अमरवाड़ा की युवती फरार, कर ली शादी

# इंस्टाग्राम पर परवान चढ़ा प्यार, चंडीगढ़ से आया प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



एक गुमशुदा युवती की तलाश में निकली अमरवाड़ा पुलिस उस वक्त हक्की-बक्की रह गई, जब पता चला कि युवती ने अपने चंडीगढ़ वाले प्रेमी संग ब्याह रचा लिया है। जानकारी में अमरवाड़ा टीआई ने बताया कि बीते दिनों युवती की गुमशुदगी का मामला सामने आया था। युवती की तलाश के लिए जब सायबर टीम एक्टिव हुई तो पता चला कि युवती चंडीगढ़ में है, तत्काल चार सदस्यी टीम को चंडीगढ़ रवाना किया गया। जहां से युवती को दस्तयाब किया गया। युवती से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी दोस्ती चंडीगढ़ के युवक से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी, ऐसे में युवक उसे लेने आया था। जिसके बाद उन्होंने भागकर शादी कर ली। हालांकि पुलिस युवती को चंडीगढ़ से अमरवाड़ा लेकर आ गई है। युवती को चंडीगढ़ से लेकर आने वाली टीम में उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, प्रधान आरक्षक जयसिंग बघेल, आरक्षक करण रघुवंशी एवं महिला आरक्षक अंजली बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अपहरण कर ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने अपहरण करके ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों को जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार अपहरण कर ले जाकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के प्रयास की घटना की वारदात को लेकर थाना प्रभारी अरुण कुमार मर्सकोले व्दारा थाना परासिया स्टाप को हुई घटना के आरोपी को पकडने हेतु जरुरी निर्देश दिये गये परासिया थाना की टीम व्दारा घटना के बाद ही आरोपियों को हमराह स्टाप के घेरबंदी कर पकडा गया। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 21 / 2026 धारा 296, 115(2), 140(3), 351(3), 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों के कब्जे से एक आंटो जप्त की गयी है।

**गिरफ्तार आरोपी:** 01. सागर उर्फ बिट्टू डेहरिया पिता मनोज डेहरिया उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 07 चौंकी मोहल्ला परासिया 02. विक्की उर्फ मारु उर्फ अर्जुन डेहरिया पिता मनोज डेहरिया उम्र 24 साल निवासी वार्ड न. 07 चौंकी मोहल्ला परासिया, 03. विजेन्द्र उर्फ वरिन्द्र पात प्रवीण सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी वार्ड न. 07 रानी दुर्गावती स्कूल के पास बी.जी. सायडिंग परासिया 04. राहुल राय पिता भगवानदास राय उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 09 चौंकी मोहल्ला परासिया, 05. सुमित यादव पिता नरेश यादव उम्र 25 साल निवासी वार्ड न. 8 चौंकी मोहल्ला परासिया

## नाबालिग से गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार, जंगल में छिपे थे आरोपी

**सतना।** नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंशीपुर निवासी विमलेश उर्फ टिर्रा कोल 20 वर्ष,मनीष कोल 18 वर्ष और भरौली,थाना अमदरा निवासी अजय कोल 20 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी विमलेश ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया,जबकि उसके दो साथियों ने पीड़िता के दोस्तों को पकड़कर रखा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें बनाईं थी घटना सामने आने के बाद मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमें बनाई गई थीं। जांच में पता चला कि वारदात के बाद तीनों आरोपी बाइक से रामनगर की ओर भाग गए थे। इस दौरान साइबर सेल की मदद से एक आरोपी के मोबाइल की लोकेशन रामनगर के पास जंगल में मिली। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर वहां छापा मारा गया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और बाइक भी जब्त की है। मुख्य आरोपी विमल पर पहले से कई मामले पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल फोन से घटना से जुड़े कुछ फोटो और वीडियो मिले हैं।

# खेरमाई मंदिर में चोरी, माता के दो चांदी के मुकुट पार; पुलिस जांच में जुटी



**सतना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध खेरमाई मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाई है। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर माता रानी के दो चांदी के मुकुट चोरी कर लिए हैं,जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।**

#### श्रद्धालुओं के पहुँचने पर हुआ खुलासा

घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय हुई जब श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुँचे। मंदिर का ताला टूटा देख और माता के विग्रह से मुकुट गायब पाकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना मंदिर के सेवादारों और स्थानीय लोगों ने सिटी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुँचा और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर और आसपास के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इलाके के हिस्ट्रीशीटरों और पुराने अपराधियों का रिकॉर्ड चेक किया जा रहा है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिरों को सक्रिय कर दिया गया है ताकि चोरों का सुराग जल्द मिल सके। सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की अगुवाई में हुआ मार्ग का भव्य अनावरण

# विधिक सेवा और शिक्षा के प्रतिमान 'प्रभाकर रूसिया' के नाम समर्पित हुआ सठिया कुआं मार्ग

हरिभूमि जबलपुर।

संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज नगर निगम जबलपुर द्वारा आज मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया की अगुवाई में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अभिलाष पांडे, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एम आई सी सदस्य डॉ सुभाष तिवारी, वार्ड पार्षद श्रीमती कविता रैकवार एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार आदि ने दीप प्रज्वलित कर सठिया कुआं क्षेत्र में 'प्रभाकर रूसिया मार्ग' का भव्य लोकार्पण किया। यह मार्ग अब उस व्यक्तित्व की याद दिलाएगा जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा और शिक्षा के उजियारे को फैलाने में समर्पित कर दिया।

### लोकार्पण समारोह की मुख्य बातें

"श्रद्धांजलि और सम्मान" लोकार्पण के दौरान महापौर ने प्रभाकर रूसिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

### समाज को प्रेरणा

अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि रूसिया जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सेवा भाव की एक संस्था थे। उनका जीवन सादगी और दूसरों की मदद करने का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### नगर विकास और पहचान

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महापुरुषों और समाजसेवियों के नाम पर मार्गों का नामकरण शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है।

### महापौर का संदेश

प्रभाकर रूसिया जी का झुकाव हमेशा एक शिक्षित और जागरूक समाज की ओर रहा। आज उनके नाम पर इस मार्ग का लोकार्पण करते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है। यह मार्ग यहां से गुजरने वाले हर युवा को यह संदेश देगा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा कभी भुलाई नहीं जाती। समारोह में शहर के गणमान्य लोगों में बार कौंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता , समाज के सभी सदस्यगण, पूर्व एम आई सी सदस्य मुकेश राठौर, मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

भगवान का मुकुट माता के जेवर और छत्र चोरी

# प्राचीन राम जानकी मंदिर का ताला टूटा

**जबलपुर।** गौर पुलिस चौकी क्षेत्र के देवरी गौर के पास स्थित प्रसिद्ध प्राचीन राम जानकी मंदिर में बीती रात चोरी की गंभीर वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर के मुख्य गेट के ताले तोड़कर भीतर दाखिल हुए और चार चांदी के मुकुट, आभूषण तथा छत्र चोरी कर ले गए। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है. सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने जब मंदिर के ताले टूटे देखे तो उन्होंने तत्काल पुजारी को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। खबर मिलते ही गौर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धार्मिक आस्था के केंद्र में इस तरह की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है। पुलिस ने पुजारी के बयान दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण कायम कर लिया है। संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस, लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई

**जबलपुर** । राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पावन अवसर पर आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई को उनके उत्कृष्ट कार्यों और निर्वाचन प्रक्रिया में समर्पित योगदान के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

### सम्मान और सराहना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई की कर्तव्यनिष्ठा और कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों को पारदर्शिता और सुगमता के साथ संपन्न कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

### प्रशासनिक गौरव का क्षण

इस गौरवशाली क्षण के दौरान प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने लोकतंत्र के इस उत्सव में बाजपेई जी के प्रयासों की प्रशंसा की। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार,अभिषेक गहलोत सीईओ, जिला पंचायत व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।

### लोकतंत्र की मजबूती पर जोर

सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष और जागरूक मतदान ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री बाजपेई जैसे अधिकारियों का समर्पण न केवल विभाग के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह आम नागरिकों में भी निर्वाचन प्रणाली के प्रति विश्वास जगाता है। अपर आयुक्त वी.एन. बाजपेई का यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत और निर्वाचन कर्तव्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## बोलेरो पलटी चालक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत रजवाड़ा ढाबा के पास अनियंत्रित होकर गढ्डे में बोलेरो पिकअप वाहन गिर गया. इस हादसे में वाहन चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना के संबंध में पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमेता निवासी रविशंकर विश्वकर्मा कटनी से गाड़ी खाली कर जबलपुर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में रजवाड़ा ढाबे के पास उसका पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 4426 अनियंत्रित होकर गढडे में पलट गया. इस हादसे में वाहन चला रहे रविशंकर विश्वकर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## 4 लाख की स्मैक के साथ पकड़ा गया पेंडलर

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने माढोताल थाना क्षेत्र में एक स्मैक पेंडलर को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 ग्राम स्मैक जप्त की है. जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई गई है. पुलिस पेंडलर से पूछताछ कर मुख्य स्त्रोत का पता लगा रही है. पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच टीआई शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने ओमती के पेशकारी स्कूल के पास रहने वाले आरोपी ऋषभ उर्फ बाबू सोनकर को गिरफ्तार किया है. उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को 40 ग्राम स्मैक मिली. जांच के लिये मामला माढोताल पुलिस को सौंप दिया गया. माढोताल पुलिस का कहना है कि वे मादक पदार्थों के बड़े आपूर्तिकर्ताओं का पता लगाने और शहर में मुख्य वितरण बिंदुओं का पता लगाने के लिये आरोपी से पूछताछ कर रही है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

With Best Compliments from
NARMADA GELATINES LIMITED
(An ISO-9001:2000 Company)
POST BOX No. 91, JABALPUR (M.P.)
Manufacturers of Edible / Pharmaceutical / Photographic Gelatines, Industrial Gelatines, Di-Calcium Posphate, EDC & Bone Meal
Phone: (Factory) 2830433, 2830518, 2830517, FAX: 0761-2830516
Registered Office: Room No. 27-28, 15, Caravas, Civil Lines, Jabalpur
Branch Office: Mumbai, New Delhi, Chennai & Kolkata































# गढ़ा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति, निगमायुक्त ने ढाई घंटे तक पैदल भ्रमण कर लिया पेयजल और नाला निर्माण का जायजा

**जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज गढ़ा क्षेत्र के 'पंडा की मढिया' इलाके का ढाई घंटे तक पैदल भ्रमण कर सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना और निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र के हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पाइपलाइन नेटवर्क की समीक्षा की ताकि आने वाले गर्मियों के सीजन में नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

उन्होंने इस मौके पर नाला निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए निर्माण की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी की व्यवस्था ऐसी हो जिससे वर्षाकाल में जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो।

### जनसंवाद और समाधान

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद किया, और मौके पर मौजूद इंजीनियरों और संबंधित अधिकारियों को सुझावों पर त्वरित अमल करने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता और सुगमता पर विशेष ध्यान

निगमायुक्त ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था और सुचारू जल निकासी हमारी प्राथमिकता है। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।







# माँ सरस्वती का पूजन संपन्न

**जबलपुर।** दक्षिण जबलपुर बांगली एसोसिएशन जबलपुर द्वारा उप नगरीय तिलहरी राजुल टाउन शिप क्लब मे माँ सरस्वती जी का पूजन-अर्चन पूरे विधिविधान से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह संयोजक काजल कुमार विश्वास ने माँ सरस्वती जी की आराधना करते हुए कहा कि यह नवजीवन और नवचेतना का पर्व। बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी माँ सरस्वती की आराधना का विशेष दिन भी है। इस दिन पीले वस्त्र धारण कर माँ सरस्वती की पूजा करते हैं और विद्या, विवेक व सृजनशीलता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।इस खास मौके पर बीजेपी नेता कमलेश अग्रवाल ने सभी को मंगलकामना दी। वही बंगाली एसोसिएशन ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता व नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वर्तमान लोकप्रिय पार्षद कमलेश अग्रवाल को सरस्वती माँ की प्रतिमा भेंट करते हुए भाव पूर्ण अभिनन्दन किया । पूजन उपरांत सभी सदस्यों ने प्रसाद एंव भोग ग्रहण किया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनूप बोस, असित चक्रवर्ती, काजल कुमार विश्वास, कर दादा, शम्भु बैनर्जी, बी के डे,बी0 चौधुरी, राजुल क्लब अध्यक्ष श्रीवास्तव जी, डॉ अखिल श्रीवास्तवअनिल शुक्ला, मानसिंह तोमर, आनन्द सिन्हा, अशोक नस्कर, सहित नारी शक्ति की गरिमा मय उपस्थिति सराहनीय रही।

## किशोरी ने जहर खाकर आत्म हत्या की

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गांधी व्यायाम शाला निवासी एक 14 साल की किशोरी ने जहरीली वस्तू का सेवन कर आत्महत्या कर ली. उसने आत्मघाती कदम क्यों और किन परिस्थितियों में उठाया यह अभी अज्ञात है. पुलिस के मुताबिक 14 वर्षीय किशोरी रिया सिंह को जहरीली वस्तू का सेवन करने पर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।




